पानीहाटी आत्महत्या मामले का एनआरसी से कोई संबंध नहीं : शुभेंदु पेज-3
तृणमूल नेता के घर के पास मिली लाश, दो गिरफ्तार पेज–6
आईसीसी वनडे रैंकिंग में पहली बार नंबर 1 बने रोहित शर्मा पेज-8

bharatmitralive.com

गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025
कार्तिक, शु.प., नवमी, विक्रमीय संवत् 2082
मूल्य Rs. 4, (कोलकाता Rs. 3)
वर्ष : 20, संख्या : 322, पृष्ठ-8
कोलकाता
RNI No. WBHIN/2005/16483

# भारतमित्र

खबरों की नई पहचान

BHARATMITRA, KOLKATA, THURSDAY, 30 OCTOBER, 2025



# भारत बना दुनिया का डिजिटल पेमेंट लीडर, 35 फीसदी हुआ विकास

नई दिल्ली। भारत ने डिजिटल पेमेंट की दुनिया में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 की पहली छमाही में यूपीआई ट्रांजैक्शनों में 35 प्रतिशत की रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 106.36 अरब ट्रांजैक्शन किए गए, जिनकी कुल वैल्यू 143.34 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई। उपलब्ध आंकड़े दर्शाता है कि अब यूपीआई केवल एक पेमेंट सिस्टम नहीं, बल्कि भारत के आम नागरिकों की रोजमर्रा की जरूरत बन चुका है।

आज यूपीआई का इस्तेमाल किराने की दुकान, सब्जी बाजार, टैक्सी, पेट्रोल पंप से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म तक हर जगह किया जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी ताकत है तेज़, आसान और सुरक्षित पेमेंट प्रोसेस, जिसने डिजिटल लेनदेन को देश के हर कोने तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले महीनों में यूपीआई का यह ग्रोथ ट्रेंड और तेज होगा, क्योंकि यूपीआई लाइट, यूपीआई क्रेडिट लाइन और इंटरनेशनल यूपीआई पेमेंट जैसे नए फीचर्स धीरे-धीरे व्यापक रूप से अपनाए जा रहे हैं।

2024 की पहली छमाही में जहां औसत यूपीआई ट्रांजैक्शन साइज 1,478 रुपए था, वहीं 2025 में यह घटकर 1,348 रुपए रह गया है। यह गिरावट किसी कमी का संकेत नहीं, बल्कि इस बात का सबूत है कि अब यूपीआई का इस्तेमाल सिर्फ बड़े भुगतानों के लिए नहीं, बल्कि छोटे और रोजमर्रा के खर्चों -जैसे चाय, सब्जी, ऑटो किराया या स्थानीय दुकानों पर खरीदारी के लिए भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। वर्ल्डलाइन इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, पर्सन-टू-मर्चेंट यानी दुकानदार या व्यापारी को किए जाने वाले यूपीआई लेनदेन में 37 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो बढ़कर 67.01 अरब तक पहुंच गए हैं। रिपोर्ट में इस तेजी को 'किराना इफेक्ट' नाम दिया गया है। दरअसल, अब देशभर के छोटे दुकानदार, स्ट्रीट




वेंडर्स और माइक्रो बिजनेस तेजी से डिजिटल पेमेंट अपना रहे हैं। यही बदलाव भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव साबित हो रहा है।जो लोग पहले केवल नकद लेनदेन पर निर्भर थे, वे अब यूपीआई के जरिए पेमेंट स्वीकार करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इससे न सिर्फ व्यापार में पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि छोटे कारोबारियों की डिजिटल पहचान और वित्तीय पहुंच भी मजबूत हुई है।

सिर्फ यूपीआई ही नहीं, बल्कि क्यूआर-आधारित पेमेंट सिस्टम ने भी इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। वर्ल्डलाइन इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, जून 2025 तक देश में क्यूआर ट्रांजैक्शन की संख्या दोगुनी बढ़कर 67.8 करोड़ तक पहुंच गई है, जो जनवरी 2024 की तुलना में 111 फीसदी की वृद्धि को दर्शाती है। इसी तरह, पॉइंट-ऑफ-सेल टर्मिनलों की संख्या में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है -29 प्रतिशत बढ़कर अब यह 1.12 करोड़ तक पहुंच चुकी है। यह आंकड़े साफ दिखाते हैं कि व्यापारी वर्ग अब तेजी से डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को अपना रहा है। छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े रिटेल नेटवर्क तक, सभी अब डिजिटल पेमेंट को सुरक्षित और सुविधाजनक विकल्प के रूप में देख रहे हैं। इससे न केवल ग्राहकों के लिए भुगतान आसान हुआ है, बल्कि कारोबारियों के लिए भी लेनदेन का रिकॉर्ड और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ी है।

# एनडीए के सीएम नीतीश ही होंगे : शाह

पटना। बिहार में महागठबंधन की सियासी घेरेबंदी ने भाजपा को रणनीति बदलने पर मजबूर कर दिया। एनडीए के अगले मुख्यमंत्री नीतीश होंगे या नहीं, इस भ्रम से होने वाले नुकसान को भांपते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने नीतीश कुमार के नाम पर गहराया कुहासा हटा दिया।

गृह मंत्री अमित शाह ने बेगूसराय की रैली में एक तीर में दो निशाने साधे। पहला विपक्ष के वंशवाद पर सीधा हमला और नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बने रहने पर स्पष्ट मुहर। शाह ने मंच से कहा कि ÷लालू जी चाहते हैं कि उनका बेटा मुख्यमंत्री बने और सोनिया जी चाहती हैं कि उनका बेटा प्रधानमंत्री बने। मैं दोनों से कहना चाहता हूं कि बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है और दिल्ली में प्रधानमंत्री की कुर्सी भी खाली नहीं है। आपके बेटों का नंबर अब नहीं लगने वाला।÷

उनके इस बयान ने न केवल महागठबंधन के आरोपों की धार कुंद हो गई बल्कि, भाजपा-जदयू गठबंधन के भीतर उठ



रही तमाम अटकलों पर भी विराम लगा दिया कि आगामी चुनाव में मुख्यमंत्री चेहरा कौन होगा। भाजपा के सूत्रों ने साफ कहा कि रही सही कसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब बिहार में रैलियां करेंगे तो और पूरी कर देंगे। वह महागठबंधन को इस आधार पर कोई भ्रम नहीं फैलाने देंगे। नीतीश पर भरोसे की मुहर

अमित शाह का यह बयान वस्तुतः उस सियासी सुगबुगाहट का जवाब था, जो कुछ हफ्तों से चल रही थी, क्या 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए नीतीश कुमार को ही चेहरा बनाए रखेगा या कोई नया नेतृत्व उभरेगा? शाह ने बेगूसराय की जनसभा से साफ कर दिया-÷बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी भरी हुई है÷ यह सिर्फ़ विपक्ष को नहीं बल्कि सहयोगियों और बिहार की जनता को संदेश था।

नीतीश कुमार, जिन्होंने बीते एक दशक में कई बार पलटी मारी। वह अब फिर भाजपा के साथ खड़े हैं। शाह का यह भरोसा जताना कि ÷सीएम पद खाली नहीं÷ यानी भाजपा ने नीतीश के नेतृत्व को चुनाव तक बनाए रखने की रणनीति पर मुहर लगा दी है।

अमित शाह ने भाषण में बार-बार यह रेखांकित किया कि बिहार और देश दोनों को अब 'परिवार की राजनीति' नहीं, बल्कि 'काम और स्थिरता की राजनीति' चाहिए। उनके शब्दों में ÷एक तरफ लालू-तेजस्वी की जोड़ी है, जिनके लिए सत्ता परिवार की विरासत है। दूसरी ओर मोदी-नीतीश की जोड़ी है, जिनके लिए सत्ता जनता की सेवा का माध्यम है।

## कोलकाता के थाने में युवक ने कपड़े उतारकर किया अशोभनीय नृत्य

कोलकाता । दक्षिण कोलकाता के एकबालपुर थाने में हथियारों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार एक युवक ने पुलिस हिरासत में खुद के कपड़े उतारकर अभद्र गीत गाए और नाचने लगा। इस अजीबोगरीब हरकत से पुलिसकर्मी हतप्रभ रह गए और अब पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 24 वर्षीय मोहम्मद शाहबाज़ को सोमवार को अवैध हथियारों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसे एकबालपुर थाने की हवालात में रखा गया था। एक अधिकारी ने बताया, ÷मंगलवार रात अचानक उसने अपने कपड़े उतार दिए और अशोभनीय ढंग से गाना गाने और नाचने लगा। ऐसा लग रहा था जैसे वह जानबूझकर ध्यान आकर्षित करना चाहता हो।÷ स्थिति बिगड़ने पर ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो उसने उन्हें धमकाया। अधिकारी ने बताया कि घटना के दौरान महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद थीं और आरोपित को काबू में करने में काफी समय लगा।

## राष्ट्रपति ने राफेल फाइटर जेट में भरी उड़ान



नयी दिल्ली। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्टपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को वायु सेना के एयरबेस अंबाला से लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरकर इतिहास रचा दिया। उनके साथ ही वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने एक अन्य विमान में उड़ान भरी। राष्टपति मुर्मु इससे पहले असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई-30 एमकेआई फाइटर विमान में उड़ान बहर चुकी हैं। राष्टपति मुर्मू सुबह हरियाणा के अंबाला एयर फोर्स स्टेशन पहुंचीं, जहां एयर चीफ मार्शल एपी सिंह सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्टपति को यहां पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वह राफेल विमान में सवार हुईं और अंबाला के आसमान में उड़ान भरीं। राष्टपति को आसमान में ले जाने वाले विमान के पायलट ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी थे, जो भारतीय वायु सेना की नंबर 17 स्क्वाड्रन गोल्डन एयरो के कमांडिंग ऑफिसर (सीओ) भी हैं। इससे पहले 8 अप्रैल, 2023 को राष्टपति मुर्मु असम के तेजपुर एयर फोर्स स्टेशन से सुखोई-30 एमकेआई फाइटर विमान में उड़ान भरी थीं। इसके साथ ही वह फाइटर जेट में उड़ान भरने वाली तीसरी राष्टपति और दूसरी महिला राष्टाध्यक्ष बन गयी हैं। उनसे पहले पूर्व राष्टपति एपीजे अब्दुल कलाम और प्रतिभा पाटिल ने भी सुखोई-30 एमकेआई फाइटर विमान में उड़ानें भरी थीं।

राष्टपति के साथ ही भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भी एक अन्य विमान में उड़ान भरकर अपनी फ्लाइंग क्षमता का प्रदर्शन किया। फ्रांसीसी एयरोस्पेस प्रमुख डसॉल्ट एविएशन में निर्मित राफेल फाइटर जेट को औपचारिक रूप से सितंबर, 2020 में अंबाला एयर फोर्स स्टेशन पर भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था। फ्रांस से 27 जुलाई, 2020 को आए पहले पांच राफेल विमानों को 17 स्क्वाड्रन, गोल्डन एरोज में शामिल किया गया था।

## तृणमूल पार्षद के दो वोटर आईडी मामले में रिपोर्ट तलब करेगा आयोग




कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने दक्षिण 24 परगना जिले के जिला मजिस्ट्रेट से उस शिकायत पर रिपोर्ट तलब करने का निर्णय लिया है जिसमें दावा किया गया है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की एक महिला पार्षद के पास दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से मतदाता पहचान पत्र हैं। सीईओ कार्यालय सूत्रों के अनुसार, जिला मजिस्ट्रेट और जिला निर्वाचन अधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल इस मामले में आगे की कार्रवाई को लेकर आवश्यक निर्देश जारी करेंगे। संभावना है कि संबंधित पार्षद को नोटिस जारी कर इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। उनके जवाब के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। सीईओ कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के दौरान मृत मतदाताओं और दोहरे मतदाताओं के नाम हटाने पर विशेष जोर दिया है। आयोग के निर्देशानुसार, इस बार ऐसे सभी मामलों को अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, जिन तृणमूल कांग्रेस पार्षद पर दोहरे मतदाता पहचान पत्र रखने का आरोप है, उनका नाम नमिता सरदार है। वह दक्षिण 24 परगना जिले के ही बारुईपुर नगर पालिका के वार्ड संख्या सात से पार्षद हैं। उनके नाम मतदाता सूची में बारुईपुर पश्चिम और कुलतली–दोनों विधानसभा क्षेत्रों में दर्ज बताए गए हैं। नमिता सरदार के पति बिबास सरदार बारुईपुर (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के विधायक हैं। इस मामले को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाया। उन्होंने अपने साथ साक्ष्य स्वरूप कई दस्तावेज भी प्रस्तुत किए हैं। अधिकारी ने आयोग से अनुरोध किया है कि नमिता सरदार के दूसरे वोटर आईडी को तत्काल रद्द किया जाए और उनके विरुद्ध चुनाव कानून का उल्लंघन करने पर प्राथमिकी दर्ज की जाए। मंगलवार को शुभेंदु अधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर का नाम भी दो राज्यों–बिहार और पश्चिम बंगाल–की मतदाता सूची में दर्ज है। बिहार के रोहतास जिले के कारगहर विधानसभा क्षेत्र (209) और रोहतास लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ कोलकाता दक्षिण लोकसभा क्षेत्र के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र (159) में भी उनका नाम पंजीकृत है।

## हमारे पास बड़ी मशीनरी है, बंगाल में बड़े पैमाने पर चलेगा एसआईआर

कोलकाता । विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) के दूसरे चरण से पहले, पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी , मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि चुनाव आयोग के पास एक बड़ी मशीनरी है और राज्य में यह अभ्यास बड़े पैमाने पर किया जाएगा। एएनआई से बात करते हुए मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा, ÷इसे शुरू होने दीजिए। हमारे पास इतनी बड़ी मशीनरी है, इसे बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा। बूथ लेवल ऑफिसर को फील्ड में जाने दीजिए।÷भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि घर-घर जाकर गणना का चरण 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक चलेगा। इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस ( टीएमसी ) सांसद अभिषेक बनर्जी ने दोहराया कि एसआईआर मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर करने और उन्हें उनके मताधिकार से वंचित करने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि अगर पश्चिम बंगाल में वास्तविक मतदाताओं के मताधिकार छीने गए , तो एक लाख लोग नई दिल्ली स्थित भारत निर्वाचन आयोग के कार्यालय का घेराव करेंगे। कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा, ÷मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने छठ उत्सव के बीच पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) की घोषणा की है। एसआईआर एक संशोधन नहीं है, बल्कि मतदाताओं को सूची से बाहर करने और उन्हें उनके मतदान के अधिकार से वंचित करने का एक तरीका है। पहले, लोग यह तय करने के लिए वोट देते थे कि कौन शासन करेगा, लेकिन अब सरकार तय करती है कि किसे वोट देना चाहिए।

## दिल्ली में मैं आजाद रहती हूं : शेख हसीना

नई दिल्ली॰ बांग्लादेश की राजनीति का सबसे बड़ा चेहरा रही शेख हसीना आजकल दिल्ली में रह रही हैं। वही हसीना जिन्होंने 15 साल लगातार सत्ता चलाई। वही हसीना जिनके राज में आर्थिक ग्रोथ की तारीफ भी हुई और फिर उनपर तानाशाही के आरोप भी लगे। अगस्त 2024 में जब छात्र विरोधी आंदोलन ने सरकार को जला डाला तो वे हेलिकॉप्टर से ढाका छोड़कर भारत आ गईं। अब नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार देश चला रहे हैं।

उन्होंने अगले साल चुनाव का वादा किया है। हसीना लंबे समय बाद मीडिया के सामने आई हैं। बोलीं कि वे दिल्ली में फ्री हैं पर सतर्क भी क्योंकि उनकी फैमिली के इतिहास में खून है। उनके पिता शेख मुजीब और तीन भाई सेना के तख्तापलट में मारे गए थे। हसीना का दावा है कि अवामी लीग को बैन करना जनता को खामोश करना है। और अगर पार्टी चुनाव से रोकी गई तो करोड़ों वोटर मतदान का बहिष्कार कर देंगे। यानी बांग्लादेश में खेल अभी बाकी है।

दिल्ली की सड़कों पर चुपचाप टहलती हसीनाज पहले तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई थीं। अब रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में हसीना कहती हैं कि वे दिल्ली में खुलकर रहती हैं। कभी-कभी लोग उन्हें लोदी गार्डन में टहलते



भी देख लेते हैं। साथ में सिक्योरिटी के 2-3 लोग रहते हैं। वे कहती हैं कि उन्हें आजादी है। पर 'सावधानी' उनकी मजबूरी है। उनके मन में डर बैठा है। 1975 के मिलिट्री कूप ने उनके पूरे परिवार को खत्म कर दिया था। वे खुद उस वक्त विदेश में थीं, तभी बच गईं। वे बार-बार परिवार का जिक्र करते हुए कहती हैं ङ्क 'देश एक परिवार से बड़ा होता है'। उनके शब्दों में, 'घर जाने की इच्छा है। पर तभी, जब वहां वैधानिक सरकार हो और कानून का राज हो।' ढाका में हसीना की सत्ता खत्म होने की वजह छात्र आंदोलन था। भर्ती में 'कोटा सिस्टम' को लेकर युवाओं का गुस्सा हिंसक हो गया। भीड़ ने प्रधानमंत्री आवास तक को नहीं बख्शा।

**बात पते की ...** श्याम जगोता




# बिहार विधानसभा में चुनाव लड़ रहे 40 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति

**पटना।** बिहार की राजनीति में धन और बाहुबल का बोलबाला जारी है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिंक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ताजा जारी रिपोर्ट के अनुसार बिहार विधानसभा में चुनाव लड़ रहे 519 उम्मीदवार यानी 40 प्रतिशत करोड़पति हैं। जिनकी औसत संपत्ति 3.26 करोड़ है। वहीं, शैक्षिक रूप से 519 उम्मीदवार (40 प्रतिशत) केवल 12वीं तक ही पढ़े हैं, जबकि 651 (50 प्रतिशत) स्नातक या स्नातकोत्तर हैं। कुल उम्मीदवारों में से केवल 9 प्रतिशत महिलाएं हैं। प्रमुख नेताओं और मंत्रियों का विवरण॰ सम्राट चौधरी ॰ मुगेंर के तारापुर से चुनाव लड़ रहे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 11.5 करोड़ की संपत्ति घोषित की है, जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से छह गुना अधिक है। उनके पास 9.29 करोड़ की अचल संपत्ति और कामराज विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि है। उनकी पत्नी ममता ने 2024-25 12.73 लाख कमाए, जिनकी कुल संपत्ति 1.35 करोड़ है। दंपति के पास कुल मिलाकर 400 ग्राम सोना, 500 ग्राम चांदी, 7 लाख की एक बोलेरो कार और दो लाइसेंसी हथियार, एक राइफल और एक रिवॉल्वर, कुल मिलाकर 6 लाख की संपत्ति है।

विजय कुमार सिन्हा ॰ लखीसराय से चुनाव लड़ रहे दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने 1.01 करोड़ की चल संपत्ति और 3.2 करोड़ की अचल संपत्ति घोषित की है। उनकी पत्नी सुशीला देवी 2.81 करोड़ की चल संपत्ति और 4.59 करोड़ की अचल संपत्ति के साथ




उनसे आगे हैं। उनके पति के पास 90 ग्राम सोने की तुलना में उनके पास 450 ग्राम सोना भी है। परिवार के गैराज में एक महिंद्रा एक्यूवी-700 और एक बोलेरो शामिल है, जबकि दंपति पर कुल मिलाकर लगभग 22.65 लाख का कर्ज है। प्रेम कुमार ॰ गया शहर से चुनाव लड़ रहे वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम कुमार ने 3.16 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। उनके और उनकी पत्नी प्रभावती देवी के पास कुल मिलाकर 1 किलो से ज़्यादा सोना और 10.5 किलो चांदी के अलावा 8.36 लाख की एक टाटा सफारी भी है। उनके पास 10 लाख मूल्य की तीन लाइसेंसी बंदूकें भी हैं। रेणु देवी ॰ बेतिया से चुनाव लड़ रही मंत्री रेणु देवी ने 5.5 करोड़ की संपत्ति घोषित की है, जिसमें पटना, बेतिया और कोलकाता की संपत्तियां शामिल हैं। उनके पास 510 ग्राम सोना, दो कारें (इनोवा और स्कॉर्पियो) और 1.3 लाख से ज़्यादा मूल्य की लाइसेंसी बंदूकें हैं। उन पर कुल 5.46 लाख का कर्ज़ है। मंगल पांडे॰ सीवान सदर से भाजपा नेता मंगल पांडे पर तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनकी कुल संपत्ति 2.86 करोड़ है, जो उनकी पत्नी के साथ साझा की गई है। उनके पास कुल मिलाकर लगभग 1 किलो सोना, 7 किलो चांदी, एक टाटा सफारी और दो आग्नेयास्त्र हैं। सुनील कुमार ॰ बिहारशरीफ के विधायक और मंत्री डॉ. सुनील कुमार की संपत्ति केवल पांच साल में 11.5 करोड़ से बढ़कर 17.5 करोड़ हो गई। उनकी आय एक साल में छह गुना बढ़ गई, 2023-24 में 28.59 लाख से बढ़कर 2024-25 में 1.67 करोड़ हो गई। उन पर छह आपराधिक मामले चल रहे हैं और उनके पास एक इनोवा, कई सोने के आभूषण और आग्नेयास्त्र हैं। नीरज कुमार सिंह बबलू ॰ छातापुर से नीरज कुमार सिंह बबलू 11.97 करोड़ की संपत्ति के साथ संपत्ति सूची में सबसे ऊपर हैं।

पत्नी और पूर्व एमएलसी नूतन सिंह के पास भी 7.42 करोड़ की संपत्ति है। दंपति के पास लगभग 760 ग्राम सोना, 2.7 किलो चांदी और एक फॉर्च्यूनर सहित कई लग्जरी गाड़ियां हैं।

# कूचबिहार में एसआईआर में नाम कटने के डर से जान देने की कोशिश



**कूचबिहार।** जिले में बुधवार को एक किसान ने मतदाता सूची से अपना नाम कट जाने के डर से आत्महत्या की कोशिश की है। किसान की पहचान खैरुल शेख (65) के रूप में हुई है। वह दिनहाटा-2 ब्लॉक के बुरीरहाट-2 ग्राम पंचायत के जीतपुर गांव के रहने वाला है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, खैरुल आज सुबह अचानक जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। जैसे ही घरवालों को मामले की जानकारी हुई, वे उन्हें तुरंत दिनहाटा अस्पताल ले गए। जहां उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें कूचबिहार एमजेएन मेडिकल कॉलेज व अस्पताल रेफर कर दिया गया। फ़िलहाल उसका वहां इलाज चल रहा है। वह स्वस्थ है। वृद्ध के परिवार ने बताया कि हालांकि उनका नाम खैरुल शेख है, लेकिन 2002 की मतदाता सूची में यह खैरू शेख है, यानी नाम गलत है। इस गलती के कारण वह बहुत डर गए थे। जब एसआईआर की घोषणा हुई तो यह डर और बढ़ गया। आसपास के लोगों से कुछ भ्रामक जानकारी मिलने के बाद, उन्हें लगा कि उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया जाएगा। इसी डर से उन्होंने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। पड़ोसियों ने बताया कि नाम की गलती को लेकर प्रशासनिक उलझनों के कारण उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। इसी मानसिक तनाव ने उन्हें आत्महत्या का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। बताया जा रहा है कि जिला प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


# दार्जिलिंग के महाकाल मंदिर में महिलाओं के लिए ड्रेस कोड लागू

**दार्जिलिंग।** शहर के महाकाल मंदिर में %मिनी स्कर्ट% या ऐसी कोई भी छोटी पोशाक पहनकर प्रवेश करने पर पाबंदी लगा दी गई है।मंदिर कमेटी द्वारा एक पोस्टर भी लगाया गया है।

इसमें लिखा है कि महिलाओं को स्कर्ट पहनकर मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। दरअसल, दार्जिलिंग में साल भर बड़ी संख्या में पर्यटक आते है। विभिन्न पर्यटन स्थलों के साथ-साथ, महाकाल मंदिर भी एक पर्यटन स्थल है।

प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग मंदिर में पूजा-अर्चना करने आते है। इस बार मंदिर में महिलाओं के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है। हालांकि, मंदिर में एक वैकल्पिक व्यवस्था भी की गई है।

अगर कोई स्कर्ट पहनती भी है, तो मंदिर में प्रवेश के लिए एक लंबा घाघरा पहनाया जाएगा। वहीं से उन्हें वह पोशाक पहनकर मंदिर में प्रवेश करना होगा।




हालांकि इस तरह के दिशा-निर्देश से श्रद्धालुओं में असंतोष है, लेकिन कई लोगों ने मंदिर अधिकारियों की इस पहल की सराहना की है।

# वृद्ध महिला से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** एनजेपी थाने की पुलिस ने सिलीगुड़ी में एक वृद्ध महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम बापी महंत (25) है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित वृद्ध महिला लंबे समय से युवक के घर में रह रही थी। आरोप है कि युवक ने मौके का फायदा उठाकर वृद्धा के साथ कई बार जबरन दुष्कर्म किया। जिससे वृद्धा बीमार पड़ गई। उसके बाद वृद्धा ने मंगलवार को एनजेपी थाने में शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मंगलवार देर रात आरोपित बापी महंत को गिरफ्तार कर लिया जबकि वृद्ध महिला को इलाज के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एनजेपी थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में एक गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** बागडोगर में एक घर में अभियान चलाकर डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (डीडी) की टीम ने सैकड़ों फर्जी सरकारी दस्तावेज के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम ललन ओझा (35) है। वो बागडोगरा के पुटीमारी इलाके का रहने वाला है। डीडी सूत्रों के अनुसार, हाल ही में खोरीबाड़ी में फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र कांड का खुलासा होने के बाद में सिलीगुड़ी मेट्रोपोलिटन पुलिस लगातार फर्जी दस्तावेज तैयार करने वालों पर नजर रख रही थी।

इस बीच बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर सुकना त्रिशक्ति कोर आर्मी इंटेलिजेंस और डीडी की टीम ने बागडोगरा के पुटीमारी इलाके में एक घर पर संयुक्त छापेमारी की। इस दौरान संयुक्त टीम को घर से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, पासपोर्ट सहित सरकारी दस्तावेज बरामद मिला। जिसके बाद आरोपित ललन ओझा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपित फर्जी दस्तावेज तैयार करने के लिए एक लाख रुपये से लेकर साढ़े तीन लाख रुपये वसूलता था। जब्त दस्तावेजों की जांच की जा रही। आरोपित को गुरुवार को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया जाएगा।

# मेदिनीपुर सड़क हादसे में पूर्व चेयरमैन की मौत, बेटा घायल

**खड़गपुर (पश्चिम मेदिनीपुर)।** जिले के मोहनपुर पुल के ऊपर बुधवार दोपहर 12 बजे करीब हुए भीषण सड? हादसे में खड?पुर निवासी असीम दास की मौत हो गई, जबकि निर्मल पॉल, जो खड?पुर तृणमूल कांग्रेस के पूर्व चेयरमैन जौहर पॉल के पुत्र हैं, गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिल से मेदिनीपुर जा रहे थे। बताया गया है कि निर्मल पॉल को डायलिसिस के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, और मोटरसाइकिल असीम दास चला रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार लॉरी ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड? पर जा गिरे। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने असीम दास को मृत घोषित कर दिया, जबकि निर्मल पॉल की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना की खबर मिलते ही जिला तृणमूल नेता जौहर पॉल, सुजॉय हाजरा, प्रदीप सरकार और स्थानीय पार्षद सहित कई लोग मेडिकल कॉलेज पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली।

दुर्घटना के बाद लॉरी चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार चालक की तलाश में जांच शुरू कर दी है। (एमकेडीए) के उपाध्यक्ष प्रदीप सरकार ने कहा घटना से पूरे खड?पुर और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर है जौहर पॉल खड?पुर के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं। स्थानीय तृणमूल नेताओं ने दोषी चालक की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# हावड़ा मंडल के ऑर्थोपेडिक अस्पताल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह



**कोलकाता ।** पूर्वी रेलवे के हावड़ा मंडल के अंतर्गत आने वाले ऑर्थोपेडिक अस्पताल ने अस्पताल के सभागार में एक संगोष्ठी आयोजित कर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाया, जिसमें सार्वजनिक सेवा में नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/हावड़ा, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (प्रशासन) और वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) के साथ-साथ डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य निरीक्षक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा में ईमानदारी बनाए रखने और चिकित्सा प्रशासन में नैतिक शासन को मजबूत करने के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। सेमिनार का एक प्रमुख आकर्षण अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (नेत्र रोग विशेषज्ञ) द्वारा दिया गया एक गहन व्याख्यान था, जिसमें उन्होंने गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल और प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित करने के लिए नैतिक दिशानिर्देशों के व्यावहारिक कार्यान्वयन और सक्रिय सतर्कता के महत्व पर ज़ोर दिया। अपने समापन भाषण में, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/हावड़ा ने सभी कर्मचारियों को ईमानदारी और समर्पण के साथ सार्वजनिक कर्तव्य निभाने की उनकी शपथ की याद दिलाई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक सत्यनिष्ठा शपथ के साथ हुआ, जो स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और सेवा उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के एक एकीकृत संकल्प ।

# ट्रक की चपेट में आने से साइकिल चालक की मौत

**जलपाईगुड़ी।** शहर संलग्न सेवाग्राम इलाके में खाद्य विभाग का सामान सप्लाई करने वाले एक ट्रक ने साइकिल चालक को टक्कर मार दी। जिससे साइकिल चालक की मौत हो गई। मृतक का नाम निर्मल चंद्र है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह नौआपाड़ा इलाके के रहने वाले निर्मल चंद्र काम के लिए घर से निकले थे।

तभी खाद्य विभाग का सामान सप्लाई करने वाले एक ट्रक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद शव कुछ देर तक सडक़ पर पड़ा रहा। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर कर चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है।

## सुप्रभात

30 अक्टूबर 2025, गुरुवार, वर्ष मन्मथ (2082) कार्तिक, शु.प., नवमी, सूर्योदय 06:17 ,सूर्यास्त 17.23

# रास पूर्णिमा मेले हेतु बंडेल व कटवा के बीच ईएमयू स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता** नवद्वीप धाम में रास पूर्णिमा मेले के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए, पूर्व रेलवे का हावड़ा मंडल 05.11.2025 और 06.11.2025 को बंदेल और कटवा के बीच एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन चलाएगा, जो रास्ते में सभी स्टेशनों पर रुकेगी। अप ईएमयू स्पेशल ट्रेन बंदेल से 14:00 बजे प्रस्थान करेगी और 16:10 बजे कटवा पहुँचेगी। और डाउन ईएमयू स्पेशल ट्रेन कटवा से 18:20 बजे प्रस्थान करेगी और 22:30 बजे बंदेल पहुँचेगी। इस विशेष ट्रेन सेवा का उद्देश्य नवद्वीप धाम उत्सवों के लिए श्रद्धालुओं और आगंतुकों के सुगम परिवहन की सुविधा प्रदान करना है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे रास पूर्णिमा मेले में अपनी परेशानी मुक्त और आनंददायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इस विशेष ट्रेन का लाभ उठाएँ। पूर्व रेलवे सभी यात्रियों को इस त्यौहारी मौसम में एक आनंदमय और आध्यात्मिक रूप से परिपूर्ण अनुभव की कामना करता है।

# सर्कुलर ट्रेनों का परिचालन तीन दिनों के लिए प्रतिबंधित

## प्रशासन के अनुरोध पर लिया गया फैसला

**कोलकाता।** राज्य प्रशासन के अनुरोध पर, पूर्वी रेलवे के सियालदह मंडल ने देवी जगधात्री की मूर्तियों के विसर्जन के लिए 31.10.2025 (शुक्रवार) से 02.11.2025 (रविवार) तक सर्कुलर रेलवे ट्रेन सेवाओं को विनियमित करने की योजना बनाई है। परिणामस्वरूप, ट्रेन संचालन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है: सर्कुलर रेलवे की 03 (तीन) ईएमयू लोकल (30122, 30312 और 30314) को कोलकाता स्टेशन पर बीच में ही रोक दिया जाएगा और 03 (तीन) ईएमयू लोकल को कोलकाता स्टेशन पर बीच में ही रोक दिया जाएगा। सर्कुलर रेलवे ईएमयू लोकल (30331, 30111 और 30313) की शुरुआत कोलकाता स्टेशन से की जाएगी। 01 (एक) सर्कुलर रेलवे ईएमयू लोकल (30154) का मार्ग परिवर्तित कर उसे सियालदह (उत्तर) स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा और 01 (एक) सर्कुलर रेलवे ईएमयू लोकल (30123) की शुरुआत सियालदह (उत्तर) स्टेशन से शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। 01 (एक) सर्कुलर रेलवे ईएमयू लोकल (30711) की शुरुआत बल्लीगंज स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट की जाएगी और 01 (एक) सर्कुलर रेलवे ईएमयू लोकल (30552) की शुरुआत बल्लीगंज स्टेशन से शॉर्ट टर्मिनेट की जाएगी।

## आज का राशिफल

**मेष** कार्यक्षेत्र में किसी नजदीकी रिश्तेदार के कारण तनाव की स्थिति भी बनती हुई दिख रही है।

**तुला** तृतीय भाव में स्थित है। यह संयोजन राजनीतिक और सामाजिक मामलों में लाभ प्रदान करेगा।

**वृषभ** आज कार्यक्षेत्र में लाभदायक साबित होगा। लंबे समय से चल रहे आपके प्रयास सफल होंगे।

**वृश्चिक** आज पारिवारिक जीवन सुखद बना रहेगा। आर्थिक मामलों में सुधार होता दिख रहा है।

**मिथुन** षष्ठम भाव में स्थित बुध आपके व्यावसायिक मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगा।

**धनु** आज आर्थिक मामलों में सफलता दिला सकती है। धन लाभ के योग बन रहे हैं।

**कर्क** आज धन संचय और कोष वृद्धि का संकेत देता है। इस दौरान दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा।

**मकर** कार्य क्षमता और नेतृत्व कौशल में वृद्धि करेगा। इससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**सिंह** आज आपके प्रभाव और व्यक्तित्व में निखार आएगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** दिन शुभ रहने वाला है। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना बन रही है।

**कन्या** आज साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि का संकेत दे रहा है।

**मीन** आज मान-सम्मान में वृद्धि का संकेत देते हैं। कार्यक्षेत्र में किए जा रहे प्रयास सफल होंगे।

## सुडोकू पहेली | क्रमांक- 5897

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5896

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## छोटा परदा | गुरूवार, दिनांक 30 अक्टूबर-2025

**&TV HD:** 10:30 भाभी जी घर पर है, 11:00 भाभी जी घर पर है, 12:00 भाभी जी घर पर है, 1:00 भाभी जी घर पर है, 2:00 भाभी जी घर पर है,




4:00 लाल इश्क, 5:00 लाल इश्क, 6:00 दृश्यम-एक चक्रव्यूह, 7:00 परमअवतार श्रीकृष्णा, 8:00 अटल, 8:30 एक महानायक, 9:00 संतोषी मां, 10:00 हप्पू सिंह की उल्टन पल्टन, 10:30 भाभी जी घर पर है, 11:00 भाभी जी घर पर है

>>>

**SONY:** 12:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 1:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 2:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 3:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 4:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 4:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 5:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 5:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 6:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 7:00 श्रीमद रामायण, 8:00 दबंगी, 8:30 कुछ



रीत जगत की ऐसी है, 9:00 श्रीमद रामायण, 11:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल

>>>

**ZEE TV:** 11:00 कुंडली भाग्य, 12:00 कैसे मुझे तुम मिल गए, 12:30 कुमकुम भाग्य, 2:00 कैसे मुझे तुम मिल गए, 3:00 शिव शक्ति, 4:00 एक कुडी पंजाब की, 5:00 कुंडली भाग्य, 6:00 रब से है दुआ, 8:00 राधा मोहन, 7:00 एक कुडी



पंजाब की, 8:00 राधा मोहन, 9:00 कुमकुम भाग्य, 9:30 कुंडली भाग्य, 10:00 कैसे मुझे तुम मिल गए, 11:00 भाग्य लक्ष्मी

>>>

**colors:** 11:00 शिव शक्ति, 12:00 मेरा बालम थानेदार, 12:30 परिणीति, 1:00 थपकी प्यार की, 2:30 बालिका वधू, 6:00 मंगल लक्ष्मी, 6:30 सुहागन, 7:00 उडाईयां, 7:30 परिणीति, 8:00 शिव शक्ति,



8:30 डोरी, 9:00 मंगल लक्ष्मी,9:30 मेरा बालम थानेदार, 10:00 प्रचंड अशोक, 11 00 डोरी

>>>

**SONY SAB:** 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 11:30 वागले की



दुनिया, 12:00 वंशज, 1:00 ध्रुव तारा, 1:30 आंगन, 2:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 3:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 4:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 5:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 6:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 7:00 वंशज, 7:30 आंगन, 8:00 ध्रुव तारा, 8:00 ध्रुव तारा, 8:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 9:00 वागले की दुनिया, 10:00 वंशज, 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा

>>>

**DD NATIONAL:** 11:00 अवंतिका, 11:30 पलटन, 12:00 रामायण, 12:30



सौतेला, 1:00 मूवी, 4:00 पिग्गी बैंक, 4:30 गली-गली सिम-सिम, 5:00 जस्ट जूनियर, 6:00 रामायण, 7:00 चित्रहार, 7:30 जहां चांद रहता है, 8:00 जय भारती, 8:30 जानकी, 9:00 अवंतिका, 9:30 पलटन, 10:30 हर घर जल हर गॉव स्वच्छता, 11:00 सौतेला

>>>

**ZEE CINEMA:** 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म

>>>

**MOVIES OK:** 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म

## वर्ग पहेली 5897

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | 5 | ■ |
| 6 | | 7 | | ■ | 8 | | 9 |
| | ■ | 10 | | | | ■ | |
| ■ | 11 | | ■ | ■ | ■ | 12 | |
| 13 | | ■ | 14 | ■ | 15 | | |
| 16 | | 17 | | 18 | ■ | | ■ |
| 19 | | | ■ | 20 | 21 | | 22 |
| ■ | | ■ | 23 | ■ | | ■ | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. मैक्सिको की वनीशा पोन्स डिलोन को इस साल की मिस वर्ल्ड चुनी गई। चीन के इस शहर में पिछली वर्ष की विजेता मानुषी छिल्लर ने वनीशा को मिस वर्ल्ड 2018 का ताज पहनाया (2)
3. जयशंकर प्रसाद का प्रसिद्ध काव्य (4)
6. दया करने योग्य (4)
8. माता का वह दुलार जो उसकी संतान पर होता है (3)
10. मनोहर, देखने में सुंदर (4)
11. वाद्य, बाजा (2)
12. तौल की एक सूक्ष्म इकाई जो आठ रत्ती के बराबर होती है (2)
13. पकाकर किया हुआ गन्ने का रस (2)
15. वियोग, अभाव, अविद्यमानता (3)
16. अभिभावक, संरक्षक (5)
19. अरविंद, अंबुज, राजीव (3)
20. एक प्रसिद्ध दर्शनशास्त्री जो ओशो के नाम से प्रसिद्ध हुए (4)
23. अभिरूचि, स्वास्थ्य दशा (1)

**ऊपर से नीचे**

1. आदर सहित, आदरपूर्वक, इज्जत से (3)
2. इंसाफ, फैसला, जजमेंट (2)
3. स्थिर, मौजूद, ठहरा हुआ (3)
4. हिंदी व्याकरण में एक अलंकार जिसमें एक शब्द की अनेक बार आवृत्ति होने पर भी सबका विभिन्न अर्थ होता है (3)
5. इस कड़वे वृक्ष की छाल औषधि के निर्माण में पयुक्त होती है (2)
7. एक प्रसिद्ध कवि जो फिल्मी गीतकार भी रहे (3)
9. अपने अधिकारों का दुरूपयोग करने वाला (4)
11. इस नदी के तट पर अहमदाबाद और गांधी नगर जैसे प्रमुख शहर बसे हैं (5)
12. रेडियों के आविष्कारक (4)
13. हास्य रसप्रधान रूपक को यह भी कहा जाता है (3)
14. जानवरों के नख, सुम (2)
17. क्षण, लम्हा, समय का छोटा विभाग (2)
18. हैसियन, लेवल, परत (2)
21. पंच तत्वों में से एक, पानी, वारि (2)
22. चंद्रमा, मयंक, रजनीपति (2)

### वर्ग पहेली 5896 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ब | ■ | ग्री | स | ■ | सु | वा |
| ता | न | से | न | ■ | बो | ध | क |
| ना | ना | ■ | रू | ब | ल | ■ | या |
| ■ | ■ | क | म | ल | ना | थ | ■ |
| त | ला | श | ■ | भ | ■ | ल | य |
| क्ष | मा | ■ | भ | द्र | ता | ■ | म |
| शि | ■ | सं | ग | ■ | म | ह | क |
| ला | वा | ■ | वा | दा | ■ | स्त | ■ |

# पानीहाटी आत्महत्या मामले का एनआरसी से कोई संबंध नहीं: शुभेंदु

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर %डर फैलाने% का आरोप लगाने के एक दिन बाद राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि पानिहाटी निवासी प्रदीप कर की आत्महत्या का एनआरसी या विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) से कोई लेना-देना नहीं है।

अधिकारी ने कहा कि 57 वर्षीय प्रदीप कर, जिनका शव मंगलवार को उत्तर 24 परगना जिले के पानिहाटी स्थित घर से फांसी के फंदे पर लटका मिला था, वर्ष 2002 की मतदाता सूची में पंजीकृत थे और उसी वर्ष पानिहाटी विधानसभा क्षेत्र में मतदान भी कर चुके थे। भाजपा नेता और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रखर आलोचक शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि टीएमसी इस दुखद घटना को राजनीतिक लाभ के लिए ÷झूठी कहानियों÷ के रूप में पेश कर रही है। उन्होंने



कहा, ÷प्रदीप कर की मौत का एनआरसी या एसआईआर से कोई संबंध नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना किसी अन्य निजी कारण से हुई होगी। टीएमसी ने असंवेदनशील ढंग से झूठा नैरेटिव गढ़ा है। बंगाल की जनता इस दुष्प्रचार का जवाब देगी। बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय के प्रमुख मुरलीधर शर्मा ने बताया कि प्रदीप कर का शव मंगलवार सुबह उनके घर से बरामद किया गया। उनके पास से एक सुसाइड नोट मिला जिसमें एनआरसी का उल्लेख था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि सोमवार को मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण की घोषणा के बाद वह मानसिक तनाव में थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को भाजपा पर ÷डर और विभाजन की राजनीति÷ करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, यह सोचकर मन विचलित होता है कि वर्षों से भाजपा निर्दोष नागरिकों को एनआरसी के नाम पर डराकर, झूठ फैलाकर और असुरक्षा को हथियार बनाकर वोट हासिल करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने भाजपा पर ÷संवैधानिक लोकतंत्र को डर के रंगमंच में बदलने÷ का आरोप लगाते हुए कहा कि ÷यह त्रासदी विषैली राजनीतिक प्रचार का नतीजा है। मुख्यमंत्री के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि ममता बनर्जी ÷झूठ और नाटकीयता÷ का सहारा ले रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर लिखा, ÷प्रदीप कर की मौत की जांच निष्पक्ष रूप से होनी चाहिए। आत्महत्या के कारण का निर्धारण राजनीतिक बयानबाज़ी नहीं बल्कि कानून और जांच एजेंसियों के जरिए होना चाहिए।

# अभिषेक पर भाजपा नेताओं के खिलाफ हिंसा के लिए उकसाने का आरोप

- खुदकुशी करने वाले शख्स के परिवार से मिले

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को लोगों से अपील की कि वे यदि कोई स्थानीय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता उनके माता-पिता के जन्म प्रमाणपत्र मांगता है, तो उसे पकड़कर बांध दें और जवाब मांगें। उन्होंने यह बयान मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित एनआरसी जांच को लेकर मची अफरातफरी के बीच दिया। अभिषेक बनर्जी ने यह टिप्पणी उस समय की जब उन्होंने पानिहाटी के निवासी प्रदीप कर (57) के परिवार से मुलाकात की। कर ने कथित रूप से एसआईआर और संभावित एनआरसी की आशंका से डरकर आत्महत्या कर ली थी। टीएमसी नेता ने कर की मौत को सीधे एसआईआर



प्रक्रिया से जोड़ा और आरोप लगाया कि बीजेपी तथा चुनाव आयोग द्वारा पैदा की गई चिंता ने इस व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को डर के माहौल के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की। अभिषेक बनर्जी ने कहा, प्रदीप कर की मौत एनआरसी और एसआईआर के डर से हुई है। अमित शाह और ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। क्या वे खुद अपने माता-पिता के दस्तावेज़ दिखा पाएंगे? बनर्जी के साथ सांसद पार्थ भौमिक, निर्मल घोष और युवा नेता देबराज चक्रवर्ती भी मृतक के परिवार से मिलने पहुंचे। टीएमसी नेताओं के अनुसार, कर के शव के पास मिला हस्तलिखित नोट स्पष्ट रूप से उसकी दस्तावेज़ी प्रक्रिया को लेकर भय व्यक्त करता है। बाद में समर्थकों को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा, ÷जब भी कोई स्थानीय बीजेपी नेता आपके इलाके में आए और आपके माता-पिता के प्रमाणपत्र मांगे, तो उनसे उनके माता-पिता और दादा-दादी के दस्तावेज़ मांगिए। उन्हें पेड़ या लैम्पपोस्ट से बांध दीजिए और कहिए कि जब तक वे अपने कागज़ नहीं दिखाएंगे, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। हम हिंसा में विश्वास नहीं करते, बस बांध दीजिए, मारिए मत।

## चंदननगर में ढहा 70 फीट ऊंचा जगद्धात्री पूजा मंडप, 14 घायल

हुगली । पश्चिम बंगाल के हुगली ज़िले के चंदननगर में मंगलवार शाम तेज़ हवाओं के कारण 70 फ़ीट ऊँचा जगद्धात्री पूजा मंडप ढह जाने से कुल 14 लोग घायल हो गए। इस वर्ष, कनाईलाल पल्ली जगद्धात्री पूजा समिति ने 70 फ़ीट ऊँचा एक विशाल मंडप बनवाया था जिसके सामने देवी जगद्धात्री की फाइबर से बनी मूर्ति स्थापित की गई थी। हालाँकि, शाम से ही चक्रवात मोन्था के प्रभाव के कारण दक्षिण बंगाल के कुछ हिस्सों में तेज़ हवाएँ चल रही हैं। हालाँकि चक्रवात ने पश्चिम बंगाल को सीधे प्रभावित नहीं किया, लेकिन इसके बाहरी हिस्सों के कारण हुगली सहित दक्षिण बंगाल के कई जिलों में हल्की बारिश और तेज़ हवाएँ चलीं। तेज़ हवाओं के कारण, विशाल मंडप ढह गया। घटना के समय, मंडप के अंदर बड़ी संख्या में दर्शनार्थी मौजूद थे, जिससे अफरा-तफरी मच गई। इस दुर्घटना में छह महिलाओं सहित लगभग 14 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी और आपदा प्रतिक्रिया दल मौके पर पहुँच गए। कई घायलों को बचाकर इलाज के लिए चंदननगर अस्पताल ले जाया गया। चंदननगर के पुलिस आयुक्त अमित पी. जवालगी ने कहा- ÷कनाईलाल पल्ली मंडप के ढहने की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीमें तुरंत मौके पर पहुँच गईं। कुछ लोग अंदर फँसे हुए थे, जिन्हें बचाकर अस्पताल पहुँचाया गया। अब सभी सुरक्षित हैं।÷ उन्होंने आगे कहा- ÷मंडप के ढाँचे को हटाकर जाँच की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नीचे कोई फंसा न हो। स्थानीय लोगों ने भी समय पर मदद की। पूजा समिति को निर्देश दिया गया है कि मंडप को दोबारा खोलने से पहले उसका ठीक से निरीक्षण और मरम्मत करें। पूजा जारी रहेगी, लेकिन सुरक्षा जाँच के बाद ही।÷ पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंडप मंगलवार के बाकी दिनों के लिए बंद रहेगा। अगर मरम्मत पूरी हो जाती है और पुलिस उपयुक्तता प्रमाणपत्र जारी कर देती है, तो बुधवार तक इसे जनता के लिए फिर से खोला जा सकता है।एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ÷संरचना को उचित रूप से मज़बूत करने की ज़रूरत है। हम ऐसी किसी और घटना का जोखिम नहीं उठा सकते। निरीक्षण पूरा होने और मंडप के सुरक्षित पाए जाने के बाद, इसे दर्शकों के लिए फिर से खोल दिया जाएगा।

# बाईपास के नाइट क्लब में छेड़छाड़ व मारपीट

**पार्क स्ट्रीट दुष्कर्म कांड के दोषी का नाम आया सामने**

कोलकाता । ईएम बाईपास के पास एक नाइट क्लब में अश्लीलता और मारपीट की घटना में पार्क स्ट्रीट के रेप मामले में दोषी ठहराए गए नसीर खान और भांजे जुनैद खान का नाम भी जुड़ गया है। रविवार की रात हुई उस घटना की जांच के मामले में नसीर और जुनैद को विधाननगर दक्षिण थाना पुलिस नोटिस भेजेगी।

विधाननगर में पुलिस कमिश्नर मुकेश कुमार ने मीडिया को कहा कि हमने क्लब के सीसीटीवी फुटेज जमा कर लिए हैं। वहां कौन, क्या भूमिका निभा रहा था, इसकी जांच की जा रही है।

शिकायतकर्ताओं के बयान भी दर्ज किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस घटना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है जिनमें अश्लील व्यवहार, गंभीर चोट और अवैध रूप से हिरासत में रखने जैसी शिकायतें शामिल हैं। घटनास्थल पर मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी का दावा है कि रविवार सुबह एक दंपती अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ क्लब में पार्टी कर रहे थे।

उस दौरान उनकी बहस दूसरे समूह के लोगों से शुरू हो गई। बाद में यह झगड़े और मारपीट में बदल गई। महिला और उनका परिवार क्लब के शराब भंडार वाले कमरे में लगभग आधे घंटे तक छिपे रहे। बाद में पुलिस आई और उन्हें बचाया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जुनैद ने भी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। गौरतलब है कि 2012 के पार्क स्ट्रीट बलात्कार मामले में नासिर खान दोषी पाए गए थे। मीडिया से नासिर खान ने कहा कि मैं जांच में पूरी तरह वे सहयोग करने को तैयार हूं। मैं उस दिन क्लब में था, यह सही है, लेकिन किसी झगड़े में नहीं था बल्कि मैं मामले को शांत करने की कोशिश कर रहा था। सीसीटीवी फुटेज देखने पर सच स्पष्ट हो जाएगा।

## मेदिनीपुर सड़क हादसे में पूर्व चेयरमैन के पुत्र निर्मल पॉल घायल, एक की मौत

खड़गपुर (पश्चिम मेदिनीपुर)। जिले के मोहनपुर पुल के ऊपर बुधवार दोपहर 12 बजे करीब हुए भीषण सडक़ हादसे में खडग़पुर निवासी असीम दास की मौत हो गई, जबकि निर्मल पॉल, जो खडग़पुर तृणमूल कांग्रेस के पूर्व चेयरमैन जौहर पॉल के पुत्र हैं, गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिल से मेदिनीपुर जा रहे थे। बताया गया है कि निर्मल पॉल को डायलिसिस के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, और मोटरसाइकिल असीम दास चला रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार लॉरी ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सडक़ पर जा गिरे। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने असीम दास को मृत घोषित कर दिया, जबकि निर्मल पॉल की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना की खबर मिलते ही जिला तृणमूल नेता जौहर पॉल, सुजॉय हाजरा, प्रदीप सरकार और स्थानीय पार्षद सहित कई लोग मेडिकल कॉलेज पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली। दुर्घटना के बाद लॉरी चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार चालक की तलाश में जांच शुरू कर दी है। (एमकेडीए) के उपाध्यक्ष प्रदीप सरकार ने कहा घटना से पूरे खडग़पुर और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर है।

## आंध्र तट से पहले कमजोर हुआ 'मान्था', बंगाल में मौसम खराब



कोलकाता। चक्रवात 'मान्था' आंध्रप्रदेश तट पर लैंडफॉल से पहले ही कमजोर पड़ गया है, लेकिन इसके प्रभाव से ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में मौसम अभी भी अत्यंत खराब बना हुआ है। पूर्व मेदिनीपुर जिले में मंगलवार से ही लगातार वर्षा और तेज़ हवाएं जारी हैं। मंगलवार रात से हो रही बारिश के बाद बुधवार सुबह से दिघा लगभग सुनसान नजर आया। प्रशासन की ओर से समुद्र में स्नान या नाविक गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है और लगातार माइकिंग के माध्यम से पर्यटकों को सतर्क किया जा रहा है। दिघा-शंकरपुर विकास प्राधिकरण की ओर से सुबह से ही माइकिंग की जा रही है ताकि पर्यटक समुद्र के पास न जाएं। सिविक वॉलंटियर और नुलिया कर्मी समुद्र तट पर कड़ी निगरानी कर रहे हैं। कोई भी व्यक्ति पानी के करीब पहुंचते ही सीटी बजाकर रोका जा रहा है और वॉलंटियर तत्काल मौके पर पहुंच रहे हैं। मौसम की प्रतिकूलता के कारण अधिकांश होटल खाली पड़े हैं। दिघा के एक होटल व्यवसायी ने बताया कि मंगलवार से झड़ और बारिश का सिलसिला जारी है। अचानक बारिश और तेज़ हवाओं से पर्यटक कमरे में ही समय बिता रहे हैं। हालांकि, दोपहर बाद मौसम में सुधार होने पर कुछ पर्यटक सैर के लिए निकलते देखे गए। दिघा-शंकरपुर विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अधिकारी नीलांजन मंडल ने बताया– हम लगातार सतर्क हैं। पर्यटकों और मछुआरों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। माइकिंग के ज़रिए लगातार चेतावनी दी जा रही है और समुद्र तट पर निगरानी भी बढ़ाई गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि गुरुवार तक यह प्रतिकूल मौसम जारी रह सकता है। इस बीच, ज्वार आने की स्थिति में समुद्र का जलस्तर और बढने की संभावना जताई गई है।

# वैद्यबाटी के श्मशान से इंसानियत शर्मसार, बारिश में भीगती रहीं लाशें

हुगली। जिले के वैद्यबाटी नगरपालिका अंतर्गत हातिशाला श्मशान घाट से बुधवार को जो तस्वीरें सामने आई, उन्होंने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। आसमान से झमाझम बारिश हो रही थी और उसी बारिश में लगभग आधे दर्जन शव खुले में पड़े हुए थे। किसी परिजनों के आंसू बरसात में घुल गए, तो कोई अपने प्रियजन के शव पर छाता ताने खड़ा था, लेकिन बारिश और बेबसी दोनों ही रुकने का नाम नहीं ले रहे थे।

श्मशान घाट पर शेड न होने के कारण शवों को खुले में ही रखना पड़ता है। एक-एक कर शवों को विद्युत चूल्हे में जलाया जाता है, लेकिन बुधवार को जब बारिश तेज़ हुई, तो हर दिशा से सिर्फ़ करुण पुकार सुनाई दी। मृतकों के परिजन छाता और तिरपाल लेकर शवों को ढकने की कोशिश कर रहे थे, पर आसमान की बौछारों के आगे सब नाकाम साबित हुआ। हर बूंद जैसे उन परिवारों के दिल पर चोट कर रही थी, जिन्होंने अभी-अभी अपने किसी अपने को खोया था।

श्रीरामपुर सांगठनिक जिला भाजपा सचिव हरि मिश्रा जब मौके पर पहुंचे, तो दृश्य देखकर खुद भी भावुक हो उठे। उन्होंने तुरंत तिरपाल की व्यवस्था की ताकि शवों को बारिश से बचाया जा सके। लेकिन साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि ये कैसी सरकार है जो विकास की बात करती है, लेकिन एक श्मशान घाट में



भी इंसानियत के लिए छत नहीं दे सकती? आखिर हाथिशाला श्मशान घाट के लिए आवंटित धन कहां गया? हरि मिश्रा ने कहा कि यह हिंदू समाज के साथ अन्याय है।

जब दूसरे समुदायों की बात आती है, तो प्रशासन से लेकर सांसद और विधायक सब तुरंत सक्रिय हो जाते हैं। लेकिन आज यहां इन शवों को भीगते देखकर लगता है कि हिंदुओं की पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं। उन्होंने वैद्यबाटी नगरपालिका के चेयरमैन पिंटू महतो के इस्तीफे की मांग की। वहीं, नगरपालिका चेयरमैन पिंटू महतो ने सफाई देते हुए कहा कि हातिशाला में नया श्मशान घाट बनाया जा रहा है। पहले वहां शेड था, जिसे नए निर्माण के लिए हटाया गया है। बहुत जल्द शवों को रखने के लिए अस्थायी पंडाल की व्यवस्था की जाएगी।

## चंदननगर में लॉरी की टक्कर से महिला की मौत




हुगली। चंदननगर के कलुपुकुर इलाके में पूजा पंडाल के सामने बुधवार को एक तेज रफ्तार लॉरी ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। मृत महिला का नाम दीपाली दास (52) है। वह हुगली जिले के चुचुड़ा मोतीझील इलाके की रहने वाली थीं। उनके पति तरुण कांति दास हादसे में घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अष्टमी की सुबह तरुण कांति दास और उनकी पत्नी दीपाली बाइक से जगद्धात्री पूजा के पंडालों का दर्शन करने निकले थे। जब वे कलुपुकुर पंडाल के सामने पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक लॉरी ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर के बाद दोनों सडक़ पर गिर पड़े, और उसी वक्त लॉरी दीपाली के ऊपर से गुजर गई, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और लॉरी तथा उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मृत महिला के परिवार के सदस्य गहरे सदमे में हैं। जानकारी के अनुसार, दंपति की बड़ी बेटी और दामाद बेंगलुरु में रहते हैं; उन्हें फोन के माध्यम से हादसे की सूचना दे दी गई है। चंदननगर में जगद्धात्री पूजा के दिनों में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक होती है। इस पर स्थानीय वार्ड नंबर आठ के पार्षद ओम प्रकाश महतो ने कहा कि मानकुंडु के आदी पालपाड़ा इलाके से लॉरी आ रही थी, जिसने दीपाली को टक्कर मारी। दोपहर के बाद नॉ-एंट्री लागू थी। पुलिस को निर्देश दिया गया है कि आगे से कोई भी लॉरी बिना सहायक के नहीं चले।

## मुख्यमंत्री ने दी जगद्धात्री पूजा की शुभकामनाएं

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को राज्यवासियों को जगद्धात्री पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। ममता ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि सभी को जगद्धात्री पूजा की आंतरिक शुभेच्छा। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में राज्य में शांति, सौहार्द और समरसता बनाए रखने की अपील की तथा कहा कि यह त्योहार बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और आस्था का प्रतीक है। इसके अलावा, उन्होंने इस पर्व के माध्यम से एकता और सामुदायिक सद्भाव का संदेश दिया है, जो बंगाल की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई देता है। जगद्धात्री पूजा को बंगाल में ÷मां जगद्धात्री÷ के पूजन के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें जगत की धारक यानी संसार की रक्षक माना जाता है। यह पूजा कार्तिक मास के शुक्ल नवमी तिथि को होती है और इसे विशेष रूप से हुगली जिले के चंदननगर, रिषड़ा और नदिया के कृष्णनगर में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। दुर्गा पूजा और काली पूजा के बाद यह बंगाल का सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सवों में से एक माना जाता है। इस अवसर पर राज्यभर में भव्य पंडाल सजाए जाते हैं। चंदननगर की विद्युत सजावट देश-विदेश में प्रसिद्ध है।

### एनआरसी के डर से आत्महत्या के लिए ममता जिम्मेदार : दिलीप घोष

खड़गपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने बुधवार को कहा कि यदि कोई व्यक्ति एनआरसी के डर से आत्महत्या करता है, तो उसकी जिम्मेदार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की होगी। खडग़पुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए घोष ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की राजनीति झूठ बोलने और लोगों को भडक़ाने पर आधारित है। दिलीप घोष ने कहा, ममता बनर्जी हर चीज को उल्टा पेश करती हैं। उन्होंने जनता के बीच एनआरसी को लेकर डर फैलाया है। यह मामला सीएए और एसआईआर से जुड़ा था, एनआरसी से नहीं। यदि किसी ने इस डर में आत्महत्या की, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी ममता बनर्जी पर होगी। उनके झूठे दावों पर जनता अब विश्वास नहीं करेगी।

## ढाकुरिया में बैंक में आग लगने से दहशत

कोलकाता । कोलकाता में एक बार फिर आग लगने की घटना सामने आई है। बुधवार सुबह ढाकुरिया स्थित गरियाहाट रोड पर एक तीन मंजिला इमारत में आग लग गई। उसी इमारत में स्थित एक सरकारी बैंक की शाखा मैं अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने इमारत से काला धुआं निकलते देखा और तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। घनी आबादी वाले क्षेत्र में आग लगने से आसपास की इमारतों तक आग फैलने की आशंका पैदा हो गई थी। सूचना मिलने पर दमकल की छह गाडिय़ां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना है। बैंक प्रबंधन ने बताया कि लाकर में रखी कीमती वस्तुओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। घटना की जांच के लिए पुलिस और दमकल विभाग की संयुक्त टीम बनाई जाएगी।

# एसएमपी कोलकाता ने हासिल किए 48,000 करोड़ रुपये के निवेश

**समुद्री व्यापार और हरित ऊर्जा के विविध क्षेत्रों में**




कोलकाता । श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता (एसएमपीके) ने मुंबई में आयोजित इंडिया मैरीटाइम वीक के साथ मिलकर समुद्री व्यापार और हरित ऊर्जा के विविध क्षेत्रों में 48,000 करोड़ रुपये से अधिक के प्रतिबद्ध निवेश के लिए कई ऐतिहासिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। 29 अक्टूबर 2025 को मुंबई में एसएमपीके के अध्यक्ष रथेंद्र रमन और विभिन्न सहयोगी एजेंसियों के अधिकारियों के बीच प्रमुख समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। हस्ताक्षरित समझौतों में प्रमुख है ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन, जो एसएमपीके में ड्रेजिंग कार्यों के लिए एक दीर्घकालिक साझेदारी स्थापित करता है।

हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स ने हल्दिया डॉक पर टैंक फार्म स्थापित करने और पीओएल (पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक) हैंडलिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निवेश का वादा किया है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत नए कंटेनर टर्मिनल परियोजनाओं के लिए अदानी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर और सेंचुरी पोर्ट्स के साथ सहयोग के माध्यम से प्रमुख बंदरगाह बुनियादी ढांचे का विस्तार और भी सुरक्षित है।

एसएमपी कोलकाता के अध्यक्ष रथेंद्र रमन ने कहा कि, ये साझेदारियाँ एसएमपीके की परिवर्तन यात्रा में एक निर्णायक कदम हैं।

उद्योग जगत के अग्रणी और दूरदर्शी संस्थानों को एक साथ लाकर, हम एक भविष्य-तैयार समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहे हैं जो व्यापार क्षमता को बढ़ाएगा, वैश्विक निवेश को आकर्षित करेगा और क्षेत्र के लिए सतत एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देगा।

# कैपिलरी टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक अनीश रेड्डी पहुंचे आईआईटी खड़गपुर

खड़गपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खडग़पुर में मंगलवार को एक विशेष और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैपिलरी टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक तथा आईआईटी खडग़पुर के गौरवशाली पूर्व छात्र अनीश रेड्डी के साथ एक 'फायरसाइड चैट' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एंटरप्रेन्योरशिप सेल द्वारा टेक्नोलॉजी स्टूडेंट्स जिमखाना (टीएसजी) के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के आयोजकों ने बुधवार को बताया कि इस सत्र का उद्देश्य नवाचार, दृढ़ता और उद्यमशीलता की भावना का उत्सव




मनाना था। इस अवसर पर छात्र कल्याण डीन प्रो. अरुण चक्रवर्ती की गरिमामय उपस्थिति रही।

उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रो. चक्रवर्ती के साथ निदेशक के चीफ ऑफ स्टाफ अभ्रजीत साहा ने अनीस रेड्डी का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके अपने अल्मा मेटर से जुड़े रहने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टीएसजी के उपाध्यक्ष सुधागनी प्रणीथ कुमार और एंटरप्रेन्योरशिप सेल के छात्र संयोजक अर्मान बारिक ने की। दोनों ने मिलकर अतिथि के साथ संवाद को उत्साहपूर्ण और सारगर्भित बनाया।

इस आत्मीय बातचीत के दौरान अनीश रेड्डी, जो आईआईटी खडग़पुर के ई-सेल के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं, ने अपने छात्र जीवन से लेकर कैपिलरी टेक्नोलॉजीज के निर्माण तक के सफर को साझा किया – एक ऐसी कंपनी जो आज वैश्विक क्षेत्र में अग्रणी है और इस वर्ष सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की ओर अग्रसर है। उन्होंने छात्रों के साथ उद्यमशीलता, नेतृत्व और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के विकास पर अपने अनुभव साझा किए।

श्री रेड्डी ने कहा कि जिज्ञासा, साहस और निरंतरता –यही सफलता के तीन प्रमुख स्तंभ हैं। सत्र के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर में छात्रों ने आइडिएशन, रिस्क-टेकिंग, टीम-बिल्डिंग और शैक्षणिक दायित्वों के साथ स्टार्टअप सपनों के संतुलन पर विचार साझा किए। यह संवाद छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। संस्थान ने इस अवसर को विचारों, आकांक्षाओं और आईआईटी खडग़पुर की अटूट उद्यमशीलता भावना के उत्सव के रूप में मनाया।

खबरों की नई पहचान
भारतमित्र

## संपादकीय

# एसआईआर की दूसरी परीक्षा

रिवीजन यानी एसआईआर के दूसरे चरण का ऐलान कर दिया है। इस बार राज्य ज्यादा हैं - 12, तो चुनौती भी उसी हिसाब से ज्यादा बड़ी है। उम्मीद कर सकते हैं कि बिहार में पुनरीक्षण प्रक्रिया में आई दिक्कतें अब आयोग के लिए अनुभव का काम करेंगी और वहां जैसी परेशानी बाकी जगहों पर लोगों को नहीं उठानी पड़ेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के शिड्यूल का ऐलान करते हुए कहा कि प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए और कोई भी अयोग्य मतदाता लिस्ट में शामिल न हो। जिन राज्यों को दूसरे चरण में चुना गया है, उनमें केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भी अगले ही साल असेंबली इलेक्शन है, लेकिन उसे दूसरे चरण से बाहर रखा गया। इस बार आयोग ने एसआईआर के लिए खुद को अधिक वक्त दिया है। बिहार में सबसे बड़ा सवाल जल्दबाजी को लेकर ही उठा था। राज्य में जून के आखिर में वोटर पुनरीक्षण अभियान की घोषणा की गई थी, जबकि पता था कि अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस हड़बड़ी का असर पूरी प्रक्रिया के दौरान दिखा, खासकर डॉक्युमेंट्स को लेकर जनता ही नहीं, चुनाव कर्मियों में भी गफलत की स्थिति रही। सरकारी कार्यालयों में भीड़ उमड़ने से जैसी अफरातफरी देखने को मिली, वैसा नहीं होना चाहिए। आयोग ने इस बार आधार कार्ड को लेकर रुख पहले ही साफ कर दिया है कि यह जन्म, नागरिकता या निवास प्रमाण पत्र के रूप में मान्य नहीं होगा, लेकिन एसआईआर में इसे एक डॉक्युमेंट के रूप में पेश किया जा सकेगा। यह स्पष्टता इसलिए जरूरी थी, क्योंकि बिहार में पहले चरण के दौरान आधार कार्ड का मसला सुप्रीम कोर्ट तक चला गया था। दस्तावेज ऐसे होने चाहिए, जो अधिकतम आबादी की पहुंच में हों और आधार आज पहचान का सबसे सरल जरिया है। एसआईआर को 21 साल बाद अंजाम दिया जा रहा है। वोटर लिस्ट में समय-समय पर सुधार जरूरी है और इस प्रक्रिया के औचित्य पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता, लेकिन इसे अंजाम देने के तरीके पर जरूर ध्यान देना चाहिए। एसआईआर का मकसद किसी की नागरिकता तय करना या ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर करना नहीं है। इसे इतना सरल होना चाहिए, जिससे लोग वोटर बनने के लिए प्रेरित हों और उनमें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के लिए उत्साह जगे।

**अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों के मुताबिक, जहां ट्रंप ने आने वाली पहली बातचीत में फेंटेनाइल मुद्दा उठाने की बात कही है, वहीं शी जिनपिंग ने भी वार्ता को रचनात्मक बताया। अगली मुलाकात आगामी 30 अक्टूबर को साउथ कोरिया के बुसान में होगी, जहां एपीईसी सम्मेलन भी आयोजित हो रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की आसियान बैठक के बहाने हुई मुलाकात में मुख्यतः व्यापारिक तनाव को कम करने और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने पर गम्भीरता पूर्वक चर्चा हुई। बताया जाता है कि दोनों देशों ने टैरिफ, निर्यात नियंत्रण, कृषि उत्पादों के व्यापार, और फेंटेनाइल तस्करी जैसे अहम मसलों पर बातचीत की। खास बात यह रही कि बातचीत के दौरान अमेरिका ने चीन पर फेंटेनाइल की तस्करी का आरोप लगाया, जिसे ट्रंप ने अपनी बातचीत का मुख्य मुद्दा बनाया।**

# जब डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग की कटुता कम होगी तो भारत व अन्य देश भी लाभान्वित होंगे!

(कमलेश पांडे)

इसके अलावा, रूस से तेल खरीद, अमेरिकी किसानों से आयात, व्यापार असंतुलन जैसे विषय भी बैठक में उठाए गए। यही वजह है कि दोनों देशों ने व्यापार युद्ध को खत्म करने और वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए बुनियादी सहमति पर पहुंचने की कोशिश की है। गौरतलब है कि दोनों देशों ने ही मुलाकात की पुष्टि की है, और यह माना जा रहा है कि संबंधों में सुधार की दिशा में यह एक सकारात्मक कदम है।

अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों के मुताबिक, जहां ट्रंप ने आने वाली पहली बातचीत में फेंटेनाइल मुद्दा उठाने की बात कही है, वहीं शी जिनपिंग ने भी वार्ता को रचनात्मक बताया। अगली मुलाकात आगामी 30 अक्टूबर को साउथ कोरिया के बुसान में होगी, जहां एपीईसी सम्मेलन भी आयोजित हो रहा है। इस बैठक में ताइवान और हांगकांग जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है, जिसमें ट्रंप ने लोकतंत्र समर्थक नेता जिमी लाई की रिहाई का मुद्दा उठाने की बात कही है।

कुल मिलाकर, यह मुलाकात अमेरिका-चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक और राजनीतिक तनाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है जो वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वहीं, ट्रंप और शी जिनपिंग की आसियान बैठक में हुए व्यापार समझौते के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं-

पहला, व्यापार युद्ध विराम विस्तार- दोनों देशों ने व्यापार युद्ध विराम समझौते को विस्तारित करने पर सहमति बनाई, जिससे व्यापारिक तनाव कम होगा।

दूसरा, टैरिफ वार टालना- अमेरिका ने 1 नवंबर से चीन पर 100त्न टैरिफ लगाने की धमकी की थी, जिसे समझौते के तहत टाला गया। चीन ने अमेरिकी टैरिफ और निर्यात प्रतिबंधों पर सौहार्दपूर्ण वार्ता की सहमति दी।

तीसरा, फेंटेनाइल नियंत्रण- व्यापार के अलावा, फेंटेनाइल तस्करी के मुद्दे पर भी चर्चा हुई, जिसे अमेरिकी पक्ष ने गंभीरता से उठाया।

चतुर्थ, निर्यात नियंत्रण- चीन के रेयर अर्थ मिनरल्स और अन्य प्रमुख विनिर्माण इनपुट पर निर्यात नियंत्रण पर बातचीत हुई, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला स्थिर रह सके।

पंचम, कृषि एवं तेल आयात- अमेरिकी किसानों से फसल खरीद और रूस से तेल खरीद को लेकर भी बहस हुई, जो दोनों देशों के बीच व्यापार असंतुलन को कम करने में मदद करेगी।

षष्टम, वैश्विक आर्थिक स्थिरता- दोनों नेताओं ने वैश्विक बाजारों में स्थिरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई।

समझा जाता है कि इस समझौते से अमेरिका-चीन के व्यापारिक विवादों में कमी आने और वैश्विक आर्थिक दुष्प्रभावों को कम करने की उम्मीद है। इसप्रकार से यह बैठक रणनीतिक आर्थिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ट्रंप और शी जिनपिंग ने टैरिफ और निर्यात नियंत्रण पर महत्वपूर्ण बातें कही हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बताया कि अमेरिका ने चीन पर 100 प्रतिष्ठित टैरिफ लगाने की योजना को अब टाल दिया है, जिससे बड़े टैरिफ युद्ध की आशंका कम हो गई है। दोनों देशों ने चीन की दुर्लभ पृथ्वी मृदा पदार्थों के निर्यात नियंत्रण को कुछ समय के लिए स्थगित करने पर सहमति जताई है। इस समझौते को लेकर दोनों पक्षों की बातचीत को 'रचनात्मक और गहन' बताया गया है।

वहीं, चीन ने भी यह खुलकर माना है कि निर्यात नियंत्रण को लेकर प्रतिबंधों में ढील दी जा सकती है, जिससे वैश्विक सप्लाई चेन में स्थिरता बनी रहे। इस कदम से व्यापार में संतुलन आएगा और दोनों देशों के बीच तनाव कम होगा। इसके साथ ही, व्यापार युद्ध को खत्म कर आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

बता दें कि इस सबके पीछे प्रमुख कारण अमेरिका द्वारा 1 नवंबर से नए 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की धमकी थी, जिसे चर्चा के बाद टाला गया। दोनों नेताओं की मुलाकात में इन मुद्दों को लेकर गंभीर और सकारात्मक बातचीत हुई है, जिससे व्यापारिक संबंध बेहतर हो सकेंगे।

इसलिए, टैरिफ टालने और निर्यात नियंत्रण पर सहमति ने आगामी व्यापारीय विवादों को कम करने का मार्ग प्रशस्त किया है और एक संतुलित, स्थिर व्यापारिक वातावरण बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

इन बातों से स्पष्ट है कि ट्रंप और जिनपिंग की मुलाकात के वैश्विक मायने बड़े और कई पक्षों से देखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर यह बैठक अमेरिका और चीन के बीच बढ़ रहे व्यापारिक तनाव, विशेषकर टैरिफ विवाद पर समाधान की उम्मीद जगाती है। बताया जाता है कि आगामी 30 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया में दोनों देश के नेता मिलेंगे और अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए गए 155 प्रतिशत से अधिक टैरिफ के मुद्दे पर बातचीत करेंगे, जिससे वैश्विक व्यापार में स्थिरता आ सकती है।

इसके अलावा, इस मुलाकात में ताइवान की स्थिति, यूक्रेन युद्ध, और फेंटेनाइल की तस्करी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी चर्चा होगी। ट्रंप ने कहा है कि उनका उद्देश्य किसानों के हितों का संरक्षण करते हुए दोनों देशों के बीच व्यावहारिक और पूर्ण समझौता करना है। कहना न होगा कि यदि यह वार्ता सफल होती है, तो इससे न केवल अमेरिका और चीन के द्विपक्षीय संबंध सुधरेंगे, बल्कि वैश्विक बाजारों में भी स्थिरता आएगी और ब्रिक्स देशों जैसे विकासशील देशों की स्थिति पर असर पड़ेगा। कुलमिलाकर यह मुलाकात एशिया-प्रशांत क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

संक्षेप में यदि कहा जाए तो, ट्रंप-जिनपिंग की मुलाकात विश्व के दो प्रमुख शक्तिशाली राष्ट्रों के बीच आर्थिक, कूटनीतिक और क्षेत्रीय स्थिरता हेतु निर्णायक क्षण है, जिसका प्रभाव वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था पर गहरा होगा। ट्रंप-जिनपिंग की मुलाकात के संदर्भ में ताइवान नीति पर संभावित बदलावों के संकेत कुछ मुख्य बिंदुओं से समझे जा सकते हैं-

पहला, अमेरिका ने हाल ही में ताइवान को लेकर अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भाषा में बदलाव किए,



जिससे चीन नाराज हुआ। अमेरिका का कहना है कि वह ताइवान में शांति और स्थिरता का समर्थन करता है और किसी भी एकतरफा बदलाव का विरोध करता है, लेकिन चीन इसे अमेरिका की गलत नीति मानता है। यह संकेत देता है कि अमेरिका ताइवान के साथ अपने अनौपचारिक संबंधों को जारी रखेगा पर चुनौतीपूर्ण स्थिति बनी रहेगी।

दूसरा, ट्रंप प्रशासन ने अपने सहयोगी देशों से पूछा है कि यदि चीन ताइवान पर हमला करता है तो उनका क्या रुख होगा। इसका मतलब यह है कि अमेरिका संभावित सैन्य संघर्ष की स्थिति के लिए बहुपक्षीय समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है, जो ताइवान के मुद्दे को और अधिक संवेदनशील बना सकता है।

तीसरा, ट्रंप की जिनपिंग से मुलाकात में ताइवान मुद्दे पर बातचीत होने की पुष्टि हुई है, जिसमें ट्रंप ने कहा कि वे ताइवान के लिए सम्मान रखते हैं और इस विषय पर चर्चा करेंगे। यह दर्शाता है कि अमेरिका ताइवान नीति में किसी बड़े बदलाव की संभावना पर विचार कर रहा है, खासकर चीन के साथ तनाव के बीच।

चतुर्थ, भारत ने भी ताइवान पर अपना रुख अभी तक नहीं बदला है। भारत का ताइवान के साथ संबंध मुख्य रूप से आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक क्षेत्रों में है, और वह 'एक चीन नीति' के तहत इसका सम्मान करता है। भारत इस मामले में संतुलित और स्वतंत्र विदेश नीति अपनाए हुए है। इस प्रकार, ताइवान नीति पर संभावित बदलावों के संकेतों में अमेरिका की सशक्त और बहुपक्षीय रणनीति, चीन की सख्त प्रतिक्रिया, और ट्रंप-जिनपिंग वार्ता के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा प्रमुख हैं। यह स्थिति क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक शक्ति संतुलन दोनों के लिए संवेदनशील बनी हुई है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि ट्रंप-जिनपिंग की मुलाकात और इसके परिणाम ब्रिक्स देशों और भारत पर कई मायनों में असर डाल सकते हैं। सर्वप्रथम, इस बैठक से व्यापारिक टैरिफ विवादों में राहत मिल सकती है, जिससे ब्रिक्स देशों के आपसी व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। अमेरिका की टैरिफ नीतियों ने ब्रिक्स देशों, खासकर भारत और ब्राजील को प्रभावित किया है, और इसलिए अगर इन टैरिफ विवादों का समाधान होगा तो ब्रिक्स देशों के आर्थिक सहयोग में मजबूती आएगी।

भारत और ब्राजील अब अमेरिकी व्यापारिक दबावों के खिलाफ नए बाजार खोजने और आपसी व्यापार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, जो 'मेक इन इंडिया' सहित भारत की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति में सहायक होगा। इसके अलावा, ब्रिक्स के नेताओं ने अमेरिकी टैरिफ युद्ध और संरक्षणवाद का विरोध किया है, जो विकासशील देशों के व्यापार और वित्तीय एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए एकजुट हैं। भारत इस समूह में अपनी भागीदारी बढ़ाकर वैश्विक दक्षिण के प्रतिनिधित्व, बहुपक्षीयता, और वैश्विक शासन सुधार को आगे बढ़ा रहा है।

हालांकि, ट्रंप की ओर से ब्रिक्स को धमकी भी जारी है कि जो सदस्यता लेगा उस पर अतिरिक्त शुल्क लगेगा, जिससे भारत सहित ब्रिक्स देशों को अमेरिकी टैरिफ नीतियों के चाल-चलन पर सतर्क रहना होगा। साथ ही, भारत-अमेरिका संबंधों में कुछ दूरी आई है, लेकिन भारत ब्रिक्स में मजबूत साझेदारी के दायरे में अपने हितों की रक्षा कर रहा है।

संक्षेप में यदि कहा जाए तो ट्रंप-जिनपिंग बैठक से भारत और ब्रिक्स देशों को टैरिफ विवादों में सुधार, आपसी व्यापार बढ़ाने, आर्थिक और राजनीतिक एकजुटता मजबूत करने का मौका मिलेगा, जो वैश्विक आर्थिक व्यवस्था और भारत के 'मेक इन इंडिया' अभियान के लिए सकारात्मक रहेगा। हालांकि, अमेरिका की टैरिफ नीति और कूटनीतिक जटिलताओं के बीच सावधानी भी जरूरी है।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि ट्रंप-जिनपिंग बैठक का भारत-चीन व्यापारिक संबंधों पर सकारात्मक असर पड़ने की संभावना है। क्योंकि दोनों देशों के बीच पिछले कुछ समय में तनाव कम हुआ है और सीमा विवाद पर बातचीत ने भी माहौल सुधारा है। भारत व्यापार में चीन से अपने कच्चे माल और अन्य आवश्यक सामग्रियों पर काफी निर्भर है, इसलिए वह टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने पर विचार कर रहा है, जिससे व्यापार सुगम हो सकेगा।

हाल ही में भारत और चीन ने सीमा क्षेत्रों में व्यापार फिर से शुरू करने, सीधी उड़ान सेवाएं बहाल करने और आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति दी है। इसके अलावा, भारत आर्थिक सुधारों के तहत चीन से आयात पर एंटी-डंपिंग शुल्क को कम करने और व्यापारिक बाधाओं को घटाने के कदम उठा रहा है। यह भारत की औद्योगिक विकास और निर्यात विस्तार के लिए फायदेमंद होगा।

वहीं, चीन ने भारत को रेयर अर्थ मिनरल्स जैसी महत्वपूर्ण सामग्रियां देने की सहमति दी है, जिससे भारत की तकनीकी और रक्षा क्षमताओं को बल मिलेगा, हालांकि कुछ शर्तों के साथ। दोनों देशों की सरकारें व्यापारिक संबंध सुधारने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए सक्रिय हैं। संक्षेप में यह कहना गलत नहीं होगा कि इस बैठक के बाद भारत-चीन व्यापारिक संबंधों में नरमी आएगी, व्यापार बढ़ेगा, सीमा व्यापार फिर से शुरू होगा और दोनों देशों के बीच आर्थिक भागीदारी मजबूत होगी, जो दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए लाभकारी होगा। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## तेजस्वी को पिता का आशीर्वाद, तेज प्रताप को खुद पर भरोसा, कौन बनेगा लालू की विरासत का असली वारिस?

(नीरज कुमार दुबे)

बिहार की राजनीति एक बार फिर उसी मोड़ पर है, जहां सत्ता की जड़ें वंश, विरासत और विद्रोह के ताने-बाने में उलझी हुई हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के दो बेटे– तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव आज एक-दूसरे से अलग राहों पर खड़े हैं, लेकिन दोनों की राजनीति अब भी एक ही राजनीतिक केंद्र की परिक्रमा करती दिखती है। एक ओर राघोपुर है– जिसे लोग 'मुख्यमंत्रियों की धरती' कहते हैं। यही वह सीट है जिसने पहले लालू प्रसाद और फिर राबड़ी देवी को सत्ता के शिखर तक पहुँचाया। अब वहीं से लालू के छोटे पुत्र तेजस्वी यादव तीसरी बार मैदान में हैं और इस बार वह सिर्फ उम्मीदवार नहीं, बल्कि 'मुख्यमंत्री पद' के दावेदार भी हैं। दूसरी ओर है महुआ– जहां कभी बड़े भाई तेज प्रताप यादव ने अपनी पहली जीत दर्ज की थी। अब वह उसी भूमि पर लौटे हैं, लेकिन इस बार पिता की पार्टी से निष्कासित होकर, एक नई राजनीतिक पहचान के साथ– जनशक्ति जनता दल के मुखिया के रूप में। देखा जाये तो यह चुनाव सिर्फ सीटों का मुकाबला नहीं, बल्कि एक परिवार के भीतर विचारों, अहं और नेतृत्व की टकराहट का भी मंच बन गया है।

राघोपुर की बात करें तो आपको बता दें कि वैशाली जिले का राघोपुर विधानसभा क्षेत्र इस बार बिहार चुनाव का सबसे हाई-प्रोफाइल रणक्षेत्र बन चुका है। यहाँ के 3.4 लाख से अधिक मतदाता जानते हैं कि उनका फैसला राज्य का भविष्य तय कर सकता है। तेजस्वी यादव, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके अभियान का केंद्र है– 'परिवर्तन की राजनीति। रैलियों में वह बार-बार कहते हैं, 'यह चुनाव बिहार को दिशा देने का अवसर है, केवल सरकार बदलने का नहीं। राजद के पारंपरिक यादव वोटों के साथ इस बार वाम दलों और कांग्रेस का भी साथ है। निषाद वोटों में पकड़ रखने वाली वीआईपी पार्टी भी गठबंधन का हिस्सा है। लेकिन इस गठबंधन के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रहे हैं भाजपा के सतीश कुमार। वही सतीश कुमार जिन्होंने 2010 में राबड़ी देवी को हराकर इस 'वीआईपी सीट' को झटका दिया था।

सतीश कुमार सवाल उठाते हैं– दो बार उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी अपने क्षेत्र के लिए एक कॉलेज या अस्पताल तक नहीं दिला सके। अगर स्थानीय विकास नहीं दिखा, तो राज्य के विकास के वादों पर भरोसा कैसे किया जाए? तेजस्वी पर भरोसा करने वाला यादव वर्ग भी इस बार आत्ममंथन की स्थिति में है। एक ओर वह 'अपना लड़का' देख रहे हैं, तो दूसरी ओर बीते दो दशकों की सत्ता-विहीनता की कसक भी महसूस कर रहे हैं।

दूसरी ओर, राघोपुर से करीब 30 किलोमीटर दूर महुआ में कहानी बिल्कुल अलग लेकिन उतनी ही भावनात्मक है। यही वह सीट है जहाँ 2015 में तेज प्रताप यादव ने अपनी पहली राजनीतिक जीत दर्ज की थी। अब वह लौटे हैं, लेकिन इस बार बिना राजद के झंडे के। महुआ में एक दिलचस्प कहावत सुनाई देती है– 'घी दाल में ही गिरता है।' मतलब यह कि चाहे तेज प्रताप को वोट दो या राजद को, फायदा अंततः लालू परिवार को ही होगा। यह भावनात्मक रिश्ता अभी भी बिहार के यादव मतदाता के दिल में ज़िंदा है। राजद ने इस सीट पर अपने वफादार मौजूदा विधायक मुकेश रौशन को उम्मीदवार बनाया है। रौशन की सबसे बड़ी चुनौती तेज प्रताप नहीं, बल्कि भावनाएं हैं– जो लालू परिवार की हर शाखा को जोड़ती हैं।

तेज प्रताप का कहना है कि 'राजद में लौटने से अच्छा मौत चुनना है।' लेकिन बिहार के लोग जानते हैं कि इस परिवार के राजनीतिक रिश्ते हमेशा 'तलाकशुदा' नहीं होते। वे तकरार के बीच भी साथ जीने की कला जानते हैं। तेज प्रताप के वादे भी हमेशा की तरह रंगीन हैं– अगर जीत गया, तो महुआ में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम बनाऊँगा, जहाँ भारत-पाकिस्तान मैच होगा। पर ज़मीनी हकीकत कुछ और है– मेडिकल कॉलेज बना, लेकिन दरवाज़े बंद हैं; भवन खड़ा है, मगर बिस्तर नहीं। यही कारण है कि महुआ का मतदाता आज दिल और दिमाग के बीच झूल रहा है।

इसके अलावा, बिहार की राजनीति में लालू प्रसाद यादव की विचारधारा आज दो दिशाओं में बंटती दिख रही है। तेजस्वी उस विचारधारा को आधुनिक चेहरे में ढालना चाहते हैं और अपने भाषणों में बेरोजगारी, शिक्षा और शासन की नई भाषा के बारे में बात कर रहे हैं वहीं तेज प्रताप उस विचारधारा को भावनात्मक लोकलुभावन रूप में जिंदा रखना चाहते हैं और अपने भाषणों में धर्म, जाति और गौरव के प्रतीकों का जिक्र कर रहे हैं। राघोपुर से तेजस्वी जहाँ लालू का 'विकल्प' बनने की कोशिश में हैं, वहीं महुआ में तेज प्रताप 'विरासत' के बोझ और आशीर्वाद के बीच झूलते दिख रहे हैं। बहरहाल, अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि इस चुनावी रणभूमि में लालू प्रसाद का आशीर्वाद ज़्यादा असर दिखाता है या लालू प्रसाद का नाम।

# इंसानों की लालची प्रवृत्ति का शिकार बन रहे हैं गजराज

**देश में हाथियों पर चौतरफा संकट मंडरा रहा है। प्राकृतिक आवास सिकुड़ने से गजराज रौद्र रूप इंसानों से संघर्ष के रूप में सामने आ चुका है। देश में वर्ष 2019-20 से 2023-24 के बीच कुल 2,869 लोगों की मौत हाथियों के हमलों में हुई। देश में बढ़ती महत्वकांक्षा और लालची प्रवृत्ति ने पर्यावरण के साथी और हिन्दुओं की पूजा के प्रतीक हाथियों को भी नहीं बख्शा है। अन्य वन्यजीवों और वनस्पतियों के तरह अब हाथियों पर भी संकट के बादल मंडराने लगे है। हाथी मेरे साथी के बजाए अब दुश्मन बनता जा रहा है। वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआईआई) की नई जनगणना के मुताबिक पिछले 8 साल के भीतर देश में हाथियों की संख्या करीब 25त्न तक घट गई है। देश में पहली बार डीएनए के आधार पर हाथियों की गणना में यह खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे तो हुए ही हैं, साथ ही जनगणना डराने वाली भी है। यह रिपोर्ट बताती है कि शिकार की वजह से नहीं बल्कि जंगलों के कम होने और इंसानों के साथ संघर्ष के चलते हाथियों की संख्या में कमी आ रही है।**

(योगेंद्र योगी)

रिपोर्ट के मुताबिक देश में करीब 22,446 हाथी हैं। जबकि 2017 में देश में हाथियों की संख्या 29,964 के करीब थी।हाथियों की गणना करने के लिए पहली बार डीएनए आधारित प्रणाली को अपनाया है, जबकि 1992 में प्रोजेक्ट टाइगर के लॉन्च होने के बाद से ही तस्वीरों और हाथियों की लीद के आधार पर ही इनकी गिनती होती थी। डब्ल्यू आई आई के वैज्ञानिक और रिपोर्ट के मुख्य लेखक कमर कुरैशी के मुताबिक जंगल कट रहे हैं, हाथियों के आवास सिकुड़ रहे हैं और कॉरिडोर का कनेक्शन खत्म हो रहा है। इस वजह से इंसानों और हाथियों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। खासतौर से मध्य भारत और असम में।

इस रिपोर्ट में एक अच्छी बात यह सामने आई कि शिकार के लिए हाथियों को नहीं मारा जा रहा है। लेकिन घर आवासों का सिकुड़ना बड़ी चिंता की बात है। भारत में वेस्टर्न घाट में सबसे ज्यादा हाथी हैं। यहां 11,934 हाथी हैं, जबकि 2017 में 14,587 हाथी हुआ करते थे। पूर्वोत्तर की पहाड़ियों और ब्रह्मपुत्र नदी के तटीय इलाकों में हाथियों की संख्या 10,139 से घटकर 6559 हो गई है। मध्य भारत और ईस्टर्न घाट में 3128 से घटकर 1891 हाथी ही रह गए हैं। हाथियों की मौजूदा सर्वाधिक संख्या कर्नाटक में 6013, असम 4159, तमिलनाडु 3136, केरल 2785, उत्तराखंड 1792 ओर ओडिशा में 912 हाथी मौजूद हैं। झारखंड में जंगली हाथियों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है और यह मात्र 217 रह गई है, जोकि 2017 के 678 के आंकड़े से काफी कम है। देश में हाथियों पर चौतरफा संकट मंडरा रहा है।



प्राकृतिक आवास सिकुड़ने से गजराज रौद्र रूप इंसानों से संघर्ष के रूप में सामने आ चुका है। देश में वर्ष 2019-20 से 2023-24 के बीच कुल 2,869 लोगों की मौत हाथियों के हमलों में हुई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ओडिशा में सबसे अधिक 624, झारखंड में 474, पश्चिम बंगाल में 436, असम में 383 और छत्तीसगढ़ में 303 लोगों की मौत हाथियों के हमलों में हुई। तमिलनाडु और कर्नाटक में क्रमशः 256 और 160 लोगों की मौत हुई। इसके विपरीत, बाघों के हमलों में 2020 से 2024 के बीच कुल 378 लोगों की मौत हुई। इनमें महाराष्ट्र में सबसे अधिक 218 मौतें, उत्तर प्रदेश में 61 और मध्य प्रदेश में 32 मौतें दर्ज की गईं। हर साल करीब 60 हाथियों की भी मौत प्रतिशोध में हो जाती है।

देश की रेल परिवहन व्यवस्था हाथियों के लिए खतरनाक बनी हुई है। पिछले पांच वर्षों में देश भर में रेलगाड़ियों की चपेट में आने से कम से कम 79 हाथियों की जान चली गई। पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में खड़गपुर-टाटानगर रेलखंड पर तेज रफ्तार एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक हथिनी और उसके बच्चे समेत तीन हाथियों की जान चली गई। 7 हाथियों का एक झुंड रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी दौरान एक ट्रेन आ गई जिससे यह बड़ा हादसा हो गया था। खड़गपुर रेल मंडल में आने वाला यह रूट जंगलों से घिरा है। यहां हाथियों के साथ-साथ अन्य जंगली जानवर भी है। हाथियों सहित अन्य जंगली जानवरों की ट्रेन से कटने की ज्यादातर घटनाएं पहाड़ी और जंगली इलाकों में ही होती है। अवैध शिकार के मामलों में कमी आई है, किन्तु यह अभी भी एक खतरा बना हुआ है। हाथियों की मौत के कुछ मामलों में जहर एक कारण हो सकता है। बिजली के तारों की चपेट में आने से भी हाथियों की मृत्यु होती है। हाथी का महत्व सांस्कृतिक, धार्मिक और पारिस्थितिक दृष्टिकोण से है। यह महत्वपूर्ण प्रजातियों में से एक है जो कई अन्य प्रजातियों को सहारा देती है। हाथी अपनी सूंड से पानी की खुदाई करते हैं, जो अन्य जानवरों को भी पानी उपलब्ध कराता है। आर्थिक रूप से, हाथी पर्यटन को बढ़ावा देते हैं और वास्तु में समृद्धि और सौभाग्य लाते हैं। हाथियों के मल से विभिन्न प्रकार के पौधों के बीज फैलते हैं, जो सवाना जैसे पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। वे घने जंगलों में रास्ते भी बनाते हैं जो अन्य जानवरों को आने-जाने में मदद करते हैं। विश्व हाथी दिवस पर वाइल्डलाइफ एसओएस ने भारत में सड़कों पर भीख मांगते हाथियों की दुखद स्थिति को उजागर किया। इन विशालकाय प्राणियों को क्रूरता से सड़कों पर घसीटा जाता है। वाइल्डलाइफ एसओएस का बेगिंग एलीफेंट अभियान इन हाथियों को बचाने और इस प्रथा को 2030 तक खत्म करने की दिशा में काम कर रहा है। दुनिया भर में हर साल 16 अप्रैल को हाथी बचाओ दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य हाथियों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इन शानदार जानवरों की रक्षा के प्रयासों को आगे बढ़ाना है। भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया प्रोजेक्ट एलीफेंट एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य हाथियों के प्राकृतिक आवासों में उनके लंबे समय तक अस्तित्व को सुनिश्चित करना है। इसके बावजूद जंगलों के कटने और हाथियों के प्राकृतिक आवासों पर अतिक्रमण की रोकथाम के बगैर यह विशाल और महत्वपूर्ण जानवर अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष करता रहेगा।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# माफियाओं, खानदानी अपराधियों को परास्त करे बिहार की जनता : योगी

**पटना ।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच बुधवार को सिवान के रघुनाथपुर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया। शहाबुद्दीन के गढ़ माने जाने वाले क्षेत्र में योगी ने राजद और विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में कुछ माफिया, खानदानी अपराधी व भ्रष्टाचारियों ने मिलकर महागठबंधन बना लिया हैं। योगी के इस वाक्य पर सभा स्थल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।

योगी आदित्यनाथ ने बिना नाम लिए राजद उम्मीदवार की 'खानदानी आपराधिक पृष्ठभूमि' पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने कभी अपराध को राजनीति का आधार बनाया, वे आज फिर बिहार को पीछे ले जाने का सपना देख रहे हैं। लेकिन अब जनता अपराध और भ्रष्टाचार से मुक्त शासन चाहती है। बिहार में किसी भी हालत में माफियाओं, खानदानी अपराधियों व भ्रष्टाचारियों को सरकार में नहीं आने देना है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में धर्म और विकास के मुद्दों को भी साधा। उन्होंने याद दिलाया कि राम मंदिर आंदोलन के समय राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने 'राम रथ यात्रा' को रोकने



का पाप किया था।÷ यूपी में समाजवादी पार्टी (सपा) ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं, जबकि बिहार में राजद ने भगवान राम के नाम पर चल रहे आंदोलन को दबाने का प्रयास किया था।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपक्ष की राजनीति अपराध, तुष्टिकरण और वोट बैंक तक सीमित है। ÷जब भी मौका मिला, इन्होंने नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। लेकिन आज डबल इंजन की सरकार ने बिहार और यूपी दोनों जगह सम्मान और स्वाभिमान की पहचान वापस दिलाई है। उन्होंने कहा कि आज बिहार विकास की नई रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि 6,100 करोड़ की लागत से अयोध्या धाम को सीतामढ़ी से जोड़ने वाले राम-जानकी मार्ग का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है। ÷यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक एकता का प्रतीक है।

उन्होंने दावा किया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है - ÷जो बच जाता है, यूपी का बुलडोजर उसे पूरा कर देता है। इस पर सभा में मौजूद लोगों ने तालियों और नारों से उनका जोरदार समर्थन किया। कहा कि आज बिहार में एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और गरीब कल्याण योजनाओं की बाढ़ है। विकास के इस दौर में बिहार पीछे नहीं रह सकता। डबल इंजन की सरकार ने गरीबों के घर, युवाओं के रोजगार और किसानों की समृद्धि के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

## रूसी एलएनजी पर रोक मुश्किल–जापान

**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस अनुरोध को ठुकरा दिया है जिसमें जापान से रूसी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर रोक लगाने की बात की गई थी। उन्होंने ट्रंप से कहा कि रूसी एलएनजी के आयात पर प्रतिबंध लगाना मुश्किल होगा। ट्रंप ने हाल ही में अपनी सफल जापान यात्रा समाप्त की है। जापान के समाचार पत्र %निक्केई बिज़नेस डेली ने बुधवार को सरकारी अधिकारियों के हवाले से इस आशय का खुलासा किया। अखबार के मुताबिक जापान के कुल एलएनजी आयात में रूसी एलएनजी की हिस्सेदारी लगभग नौ प्रतिशत की ही है, और जापानी कंपनियों मित्सुई और मित्सुबिशी की रूस की सखालिन-दो परियोजना में हिस्सेदारी है।गौरतलब है कि इस हफ़्ते ट्रंप की एशियाई देशों की यात्रा से पहले, अमेरिका ने जापान सहित रूसी ऊर्जा खरीदारों से आयात बंद करने का आग्रह किया था और यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने और रूस को बातचीत के लिए तैयार करने के प्रयासों में उसकी दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगा दिया था।

निक्केई के अनुसार, पिछले हफ़्ते जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री चुनी गईं ताकाइची ने ट्रंप से कहा कि अगर जापान पीछे हटता है, तो इससे चीन और रूस खुश ही होंगे। उन्होंने अमेरिका से जापान की ऊर्जा ज़रूरतों को समझने का अनुरोध किया।

## राजग सरकार ने हमेशा किया है पिछड़े वर्गों का सम्मान : राजनाथ



**दरभंगा, ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने हमेशा बयानबाजी के बजाय ठोस कार्रवाई के जरिए पिछड़े वर्गों का सम्मान किया है। राजनाथ सिंह ने दरभंगा जिले के हायाघाट विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा में कहा कि बिहार में विकास एवं सुशासन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्राथमिकता है। उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि हम जाति, धर्म की राजनीति नहीं करते। हम निष्पक्ष और स्वच्छ राजनीति करते हैं।उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने भ्रष्टाचार और कुशासन के पिछले रिकॉर्ड के ज़रिए दुनिया भर में बिहार को बदनाम किया है। उन्होंने हर घर में एक सरकारी नौकरी देने के राजद के वादे पर भी तंज कसा और इसे अवास्तविक और भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को एक सरकारी नौकरी देने का राजद का वादा व्यावहारिक नहीं, बल्कि धोखे की राजनीति है।भाजपा नेता सिंह ने कहा कि 20 साल तक राज्य पर शासन करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है। जबकि यह दुख की बात है कि एक पूर्व मुख्यमंत्री (लालू यादव) के पूरे परिवार पर अनियमितताओं का आरोप है। उन्होंने राजद द्वारा वक्फ अधिनियम में संशोधनों को रद्द करने के वादे की आलोचना करते हुए कहा कि वे ऐसा कर ही नहीं सकते, क्योंकि यह कानून संसद में पारित हो चुका है। सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी भाजपा जाति और धर्म की राजनीति नहीं करती है। हम निष्पक्ष और स्वच्छ राजनीति करते हैं।-

## मेड इन चाइना नहीं, मेड इन बिहार बने : राहुल गांधी

**पटना।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के सकरा विधानसभा क्षेत्र में महागठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार छोटे उद्योग को खत्म कर अडानी-अंबानी को फायदा पहुंचा रही है। कहा कि हमारा सपना है कि अब मेड इन चाइना नहीं मेड इन बिहार बने। उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा का कोई मतलब ही नहीं मेहनत करने वाले का कोई भी कद्र नहीं है। आज बिहार में युवा मेहनती हैं, आज भी कर्ज लेकर बाहर जाते हैं और पढ़ाई का अवसर यहां नहीं है। यही नहीं एग्जाम का पेपर लीक होने के कारण बिहार में सही शिक्षा नहीं मिलती। बिहार के मेहनती युवक की मेहनत बेकार हो जाती है। बिहार को बदलने के लिए आया हूं और बदलकर रहेंगे।

लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपके बिहार में आया हूं इस बारिश में भी आप सब आए हैं इसके लिए आपका आभार व्यक्त करते हैं।अब इस सरकार को बदलने का समय आया है। हम आज भी देश में जहां पर जाता हूं



लोगों का साथ मिलता है। आप सब मिलकर रहे बिहार में काम करे, और जिस प्रकार से देश के अलग अलग जगहों पर आप लोगों ने हमारी सरकार को बनाए है उसी तरह से बिहार में भी सरकार बनाने का काम करे। इस मौके पर नेता विरोधी दल तेजस्वी यादव और वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी मौजूद रहे।

राहुल गांधी ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा बिहार में बिहारी का भविष्य नहीं है। यही सच्चाई है, आज मुझे जितने युवा मिलते हैं बिहार के बारे में ऐसा कहते हैं। राहुल गांधी ने कहा 20 वर्ष में इन लोग ने बिहार में कुछ नहीं किया। रोजगार के लिए क्या किया है। अगर यह लोग किसी के लिए कुछ करते हैं तो सिर्फ अडानी-अंबानी के लिए काम करते हैं। यही वजह है कि आज दूसरे प्रदेश के लोग कभी बिहार नहीं आते हैं।

राहुल गांधी ने कहा महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस पार्टी एक साथ खड़े हैं बिहार को बदलने के लिए। हमलोग ने वोट चोरी के खिलाफ में बड़ी यात्रा की थी। बिहार में साथ-साथ घूमे थे, यहां पर बहुत नरेटिव देखने को मिला। अब यह बिहार सबसे आगे जा सकता है और सबसे आगे जायेगा, मैं इसका संकल्प लेकर चल रहा हूं।राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का रिमोट कंट्रोल भाजपा के हाथ में है। यह भाजपा और राजग सरकार को देश में सामाजिक न्याय से लेना देना नहीं है।

हमने तो सदन में पीएम मोदी से कहा कि आप देश में जाति गणना करवाए लेकिन वह जवाब नहीं दिए। पीएम मोदी और भाजपा सामाजिक न्याय के विरोधी लोग है।

## मध्य वियतनाम में बाढ : 9 की मौत, 5 लापता

**हनोई,** वियतनाम के मध्य इलाके में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य व्यक्ति लापता बताए गए हैं। सरकार की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, बाढ़ के कारण दनांग शहर और होई आन में छह लोगों की मौत हो गई । दनांग देश का एक लोकप्रिय तटीय इलाका है। बाढ़ में एक लाख से भी ज्यादा घर जलमग्न हो गए हैं और बिजली एवं पानी की आपूर्ति बाधित हुई है। बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वालें इलाकों में देश के प्रमुख पर्यटन स्थल ह्यू और होई आन शामिल हैं। देश की पूर्व राजधानी ह्यू और होई आन में बारिश अभी भी जारी है। सोमवार रात तक क्षेत्र में रिकार्ड 1,000 मिलीमीटर से ज्यादा वर्षा रिकार्ड की गई।इस बीच दनांग में नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है और जलाशय भर चुके हैं। सरकार का कहना है कि नदियों के किनारे बसे निचले इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। भारी बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की भी चेतावनी दी गई है। राजधानी हनोई और व्यापारिक केंद्र हो ची मिन्ह सिटी के बीच रेल सेवा मंगलवार से ही बंद है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों में मध्य वियतनाम में भारी बारिश जारी रहेगी। कुछ इलाकों में बुधवार सुबह से गुरुवार रात तक 400 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है।

## मेट्रो रेलवे का विशेष अभियान 5.0



**कोलकाता, ।** चल रहे विशेष अभियान 5.0 के तहत, मेट्रो रेलवे ने आज विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर सघन सफाई अभियान चलाया। यात्रियों से भी मेट्रो परिसर में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने का अनुरोध किया गया। इस अभियान के तहत, मेट्रो अधिकारी स्टेशनों, कार्यालयों, पटरियों और रेलवे कॉलोनियों में व्यापक सफाई गतिविधियाँ चला रहे हैं। इन अभियानों में कचरा हटाना, अवांछित वनस्पतियों को हटाना और जल निकासी प्रणालियों की सफाई शामिल है। स्वच्छता विशेष अभियान 5.0 का एक प्रमुख केंद्र बिंदु बना हुआ है, जहाँ अधिकारी और कर्मचारी कार्यस्थलों में बेहतर स्वच्छता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

यात्रियों को मेट्रो परिसर को स्वच्छ और कूड़ा-कचरा मुक्त रखने में योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से नियमित रूप से घोषणाएँ की जा रही हैं, जिसमें यात्रियों से मेट्रो परिसर के अंदर थूकने या कूड़ा-कचरा न फैलाने का अनुरोध किया जा रहा है। सीसीटीवी निगरानी के माध्यम से उल्लंघनकर्ताओं की आसानी से पहचान की जा सकती है और उन पर` 500 का जुर्माना लगाया जा सकता है। मेट्रो प्राधिकारियों ने सभी यात्रियों से अनुरोध किया है कि जब भी आवश्यकता हो, वे स्टेशनों पर उपलब्ध कराए गए कूड़ेदानों का उपयोग करें।

## पूर्वान्ह रेलवे अधिकारी क्लब,गोरखपुर में सतर्कता पर सेमिनार

**गोरखपुर ।.** पूर्वोत्तर रेलवे पर 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर,2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 29 अक्टूबर को पूर्वान्ह रेलवे अधिकारी क्लब,गोरखपुर में महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर के मुख्य आतिथ्य




में सतर्कता- हमारी साझा जिम्मेदारी पर सतर्कता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का आरम्भ महाप्रबन्धक, आमंत्रित वक्ता, अपर महाप्रबन्धक विनोद कुमार शुक्ल तथा प्रमुख विभागाध्यक्षों ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर सतर्कता विभाग की वार्षिक पत्रिका शुचि दर्पण का विमोचन महाप्रबन्धक, आमंत्रित वक्ता तथा प्रमुख विभागाध्यक्षों ने किया। सेमिनार में लौह पुरूष बल्लभ भाई पटेल को नमन करते हुये महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने कहा कि आमंत्रित वक्ताओं ने सतर्कता पर मार्गदर्शन स्वरूप भाषण दिया। उन्होंने कहा कि सतर्कता सेमिनार प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है जिसमें नैतिक मूल्यों की चर्चा होती है।

यदि हम सभी इन नैतिक मूल्यों को अपने अन्दर आत्मसात करें तो इस तरह के कार्यक्रमों की आवश्यकता ही नहीं होगी। वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक तुषार कान्त पाण्डेय ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन पर रेलवे पर प्रतिवर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। सतर्क रहकर कार्य करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने मुंशी प्रेमचंद की कहानी नमक का दरोगा में समाज की बुराईयों पर व रिश्वतखोरी पर प्रहार पर प्रकाश डाला।

**Howrah Municipal Corporation**
**Borough-II**
43, Jelia Para Lane - 711106
Ph: 033-2665-0888
**E-TENDER NOTICE**
**E-Tender No.: TN/003/AE/ B-II/ 2025-26, Date : 30.10.2025**
Detail information will be available from the Office of Borough-II HMC. Visit the site: **https//:wbtenders.gov.in** . Uploading (Online) Start : **07.11.2025 at 06.00 P.M.** Submission closing (Online) : **19.11.2025 at 06.00 P.M.**
Sd/-
**Assistant Engineer**
**Borough-II, H.M.C.**

## पटेल जयंती पर एकता नगर में होने वाली परेड में शामिल होगी उत्तराखंड की झांकी



**देहरादून, ।** लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गुजरात के एकता नगर में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के सम्मुख आगामी 31 अक्टूबर को होने वाली परेड में उत्तराखंड राज्य की झांकी 'अष्ट तत्व और एकत्व' भी प्रदर्शित की जाएगी।

सूचना विभाग उत्तराखंड के महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के सम्मुख आयोजित राष्ट्रीय स्तर के मुख्य समारोह में उत्तराखंड को प्रतिभाग करने का गौरव मिला है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति की ओर से कई दौर के विचार-विमर्श और परीक्षण के बाद देश के चुनिंदा आठ राज्यों के साथ ही उत्तराखंड की झांकी का अंतिम रूप से चयन किया गया। आठ त्वों की समरसता और एकता की भावना का प्रतीक राज्य की झांकी 'अष्ट तत्व और एकत्व' में उत्तराखंड के दिव्य धार्मिक स्थलों, प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक समृद्धि के साथ ही सतत व समग्र विकास के प्रति प्रगतिशील दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया जाएगा।इस झांकी के माध्यम से देवभूमि उत्तराखंड के अध्यात्मिक और प्राकृतिक वैभव के साथ ही संस्कृति और प्रगति के विभिन्न आयामों को प्रदर्शित किया जाएगा। परेड के दौरान राज्य के लोक कलाकारों का दल भी उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: बीएमएफ-03-30-स्ट्रेस-रिलीविंग दिनांक: 28.10.2025।** मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, बोगी विनिर्माण कारखाना, पूर्व रेलवे,बज बज , 88/1, अधर दास रोड, पोस्ट ऑफिस + पुलिस स्टेशन - बज बज, कोलकाता -700137 , द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम :** वर्क स्कोप के अनुसार एलएचबी बोगी फ्रेम का स्ट्रेस रिलीविंग; **विज्ञापित मूल्य :** रु. 49,95,000.00; **ईएमडी राशि (रु):** 99,900.00; **निविदा दस्तावेज़ की लागत:** रु. 0.00; **समापन की अवधि :** 6 महीने; **प्रस्ताव की वैधता :** 120 (दिन); बिडिंग का प्रकार: नॉर्मल टेंडर; **निविदा की प्रकार:** खुला; **बोली प्रणाली:** सिंगल पैकेट सिस्टम; **निविदा अपलोड करने की तारीख और समय:** दिनांक 28.10.2025, 12:51 बजे; प्री-बिड कॉन्फ्रेंस आवश्यकता : नहीं; बीएमएफ/बीजीबी; **अनुबंध श्रेणी:** व्यय; **व्यय का प्रकार :** कैपिटल (डब्ल्यूएमएस); **बोली लगाने की स्टाइल:** हर शेड्यूल आइटम के लिए सिंगल रेट; **अनुबंध का प्रकार:** वर्क्स-जनरल; **बोली प्रारंभ तिथि :** दिनांक 05.11.2025; **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** दिनांक 19.11.2025 ,12.00 बजे। बोली लगाने वाले अपनी मूल/संशोधित बोलियां सिर्फ़ समापन तिथि और समय तक ही जमा करें। इस **निविदा** के लिए मैनुअल ऑफर की इजाज़त नहीं है, और ऐसा कोई भी मैनुअल ऑफर मिलने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा।

(MISC-254/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Nagaland State Lotteries**
**DEAR**
**INDUS WEDNESDAY WEEKLY LOTTERY**
01:00 PM
Draw No:135 **Price ₹6/-** Draw Date on:29/10/25
1st Prize Amount For Winner ₹ 1 Crore + For Seller ₹ 5 Lakhs/- **73L 60288**
SOLD BY : SELLER - TAPAN DUTTA - ARIADAHA & SUB-STOCKIST - KALPATARU - DUNLOP
Cons. Prize Amount For Winner ₹ 1000/- + For Seller ₹ 500/- **60288**
(All Remaining Serial & Series of 1st Prize No.)
2nd Prize Amount For Winner ₹ 9,000/- + For Seller ₹ 500/-
10797 20753 22314 34853 35928
52841 62568 78596 85037 91183
3rd Prize Amount For Winner ₹ 450/- + For Seller ₹ 50/-
0405 0646 1245 1627 1888 3105 4831 8510 9051 9087
4th Prize Amount For Winner ₹ 250/- + For Seller ₹ 20/-
0788 1092 1636 3452 4056 4827 6719 7086 8842 8868
5th Prize Amount For Winner ₹ 100/- + For Seller ₹ 10/-
0112 1335 1998 2788 3595 4267 5280 6615 7302 8852
0351 1428 2055 2852 3688 4513 5403 6712 7444 8871
0765 1457 2076 2894 3711 4653 5589 6758 7526 8899
0825 1515 2106 2940 3750 4858 5654 6824 7764 9195
0867 1670 2112 2947 3992 5057 5744 6851 7775 9312
1020 1678 2471 2956 4053 5102 6083 6961 7999 9434
1053 1743 2479 2991 4072 5186 6135 6973 8127 9488
1072 1769 2500 3177 4119 5219 6147 7131 8255 9533
1187 1779 2649 3205 4207 5253 6322 7132 8586 9536
1302 1962 2757 3533 4222 5273 6423 7184 8835 9852
**01:00 PM**
Issued by : Director, Nagaland State Lotteries, Kohima
Watch Live Draw On : YouTube
nagalandlotteries.com/livedraw

**Sikkim State Lotteries**
**DEAR**
**REGAL WEDNESDAY WEEKLY LOTTERY**
06:00 PM
Draw No:4 **Price ₹7/-** Draw Date on:29/10/25
1st Prize Amount For Winner ₹ 50 Lakhs + For Seller ₹ 5 Lakhs/- **93D 59199**
SOLD BY : SELLER - SK USDAR ALI - BARUA & SUB-STOCKIST - S M AGENCY - SARULIA
Cons. Prize Amount For Winner ₹ 1000/- + For Seller ₹ 500/- **59199**
(All Remaining Serial & Series of 1st Prize No.)
2nd Prize Amount For Winner ₹ 10,000/- + For Seller ₹ 500/-
07625 13179 20893 55817 56386
58525 67797 75219 77489 95024
3rd Prize Amount For Winner ₹ 500/- + For Seller ₹ 50/-
1907 2223 4165 4676 4825 5248 6471 6689 7581 7800
4th Prize Amount For Winner ₹ 250/- + For Seller ₹ 20/-
1652 1677 2559 5634 5836 6304 6469 7893 9601 9663
5th Prize Amount For Winner ₹ 120/- + For Seller ₹ 10/-
0015 1909 2758 3368 4086 5078 6104 6753 7719 9273
0097 1947 2774 3420 4528 5196 6114 6940 7808 9338
0585 2053 2781 3436 4618 5221 6153 7101 8021 9385
0876 2123 2908 3439 4621 5278 6197 7142 8023 9392
1170 2185 2923 3536 4623 5331 6251 7491 8354 9417
1227 2195 3020 3659 4782 5475 6367 7531 8674 9436
1434 2206 3070 3712 4890 5649 6521 7576 8816 9442
1531 2328 3331 3736 4925 5806 6550 7589 8870 9482
1725 2589 3333 3758 5026 5888 6672 7603 9090 9515
1812 2638 3335 4056 5041 6081 6735 7717 9164 9709
**06:00 PM**
Issued by :The Principal Director, Sikkim State Lotteries, Gangtok
Watch Live Draw On : YouTube
sikkimlotteries.com/livedraw

**Nagaland State Lotteries**
**DEAR**
**PELICAN WEDNESDAY WEEKLY LOTTERY**
08:00 PM
Draw No:135 **Price ₹6/-** Draw Date on:29/10/25
1st Prize Amount For Winner ₹ 1 Crore + For Seller ₹ 5 Lakhs/- **76C 88985**
SOLD BY : SELLER - S.HAZRA - HINDMOTOR & SUB-STOCKIST - SIDDHESWARY AGENCY - BAIDYABATI
Cons. Prize Amount For Winner ₹ 1000/- + For Seller ₹ 500/- **88985**
(All Remaining Serial & Series of 1st Prize No.)
2nd Prize Amount For Winner ₹ 9,000/- + For Seller ₹ 500/-
19618 29922 30148 36692 45425
58744 61293 72124 79940 94116
3rd Prize Amount For Winner ₹ 450/- + For Seller ₹ 50/-
0177 0798 1354 1786 3090 3197 4230 4584 6621 6766
4th Prize Amount For Winner ₹ 250/- + For Seller ₹ 20/-
2321 2526 2944 4022 4448 4922 6305 7255 8571 9597
5th Prize Amount For Winner ₹ 100/- + For Seller ₹ 10/-
0037 0809 1534 2418 4008 5267 5833 6545 7273 7921
0194 0811 1663 2764 4012 5313 5877 6550 7311 7935
0471 0846 1719 2925 4138 5344 5913 6809 7367 8164
0486 0879 1826 2937 4282 5461 5942 6858 7599 8184
0498 1128 1940 3054 4561 5566 5979 6894 7606 8424
0587 1181 2017 3112 4614 5600 6134 6929 7666 9027
0589 1282 2164 3381 4616 5636 6319 7008 7719 9195
0616 1375 2238 3476 4732 5682 6351 7035 7834 9808
0703 1500 2327 3539 5183 5731 6438 7091 7853 9895
0744 1531 2402 3843 5206 5811 6528 7182 7882 9982
**08:00 PM**
Issued by : Director, Nagaland State Lotteries, Kohima
Watch Live Draw On : YouTube
nagalandlotteries.com/livedraw

* TDS 2% Applicable on Seller Prize Amount (Section 194G)
PLEASE CHECK THE RESULTS WITH RELEVENT OFFICIAL GOVERNMENT GAZATTE

# तृणमूल नेता के घर के पास मिली लाश, दो गिरफ्तार

**बराकर ।** बराकर फाड़ी क्षेत्र के लखियाबाद वार्ड संख्या 67 इलाके मे स्थित तृणमूल के पूर्व बोरो चेयरमेन घर के पिछले दरवाजे पर लहुलहान अवस्था मे रहस्यमय ढ़ंग शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । जिसको लेकर काफी देरी तक हो हंगामा हुआ । बराकर फाड़ी के प्राभरी सुकांत दास के समझाने के बाद मामला शांत हुआ । पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल आसनसोल भेज दिया गया हैं । मृतक लखियाबाद के रहने वाले 26 वर्षीय कार्तिक बाउरी है । बताया जा रहा है की कार्तिक को 6 महीना पहले ही एक करोड़ का लॉटरी लगी थी । कार्तिक पत्नी प्रथमी बाउरी के कहने पर लॉटरी के मिले पैसों से वह अपना घर बनवा रहा था, कार्तिक की पत्नी फिलहाल गर्भवती है और छह साल का एक लड़का भी हैं । उसको कुछ दिनों बाद डिलीवरी भी होने वाली है ।



घटना को लेकर परिजनों ने इलाके की रहने वाली तृणमूल की पूर्व बोरो चेयरमेन के ऊपर हत्या का आरोप लगाया है । जब कि पूर्व बोरोचैयरमेन ने घटना से इंकार किया । मृतक के परिवार की ओर से बराकर पुलिस में बेबी बाउरी व कुछ अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। वही पुलिस ने युवक की हत्या के आरोप में पूर्व तृणमूल पार्षद व पूर्व बोरो चेयरमैन समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार लोगों के नाम बेबी बाउरी व अमरदीप बाउरी हैं । पुलिस ने गिरफ्तार लोगों को बुधवार को आसनसोल न्यायालय में पेश किया । वही इस संबंध में भाजपा जिला महासचिव केशव पोद्दार ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि कार्तिक बाउरी नमक दलित समाज के एक युवक की हत्या की गई । कुछ दिनों पहले ही उसको एक करोड़ की लॉटरी लगी थी और उसकी हत्या कर दी गई । इस मामले में आसनसोल नगर निगम की पूर्व बोरो चेयरमैन टीएमसी नेत्री बेबी बाउरी को गिरफ्तार कर लिया गया है । जो यह दर्शाता है कि किस तरह से टीएमसी द्वारा इस राज्य में दलित और पिछड़ों पर अत्याचार किया जा रहा है । उन्होंने मांग की है कि जो भी इस हत्याकांड में दोषी हैं । उनको कड़ी से कड़ी सजा दी जाए वरना भाजपा आने वाले समय में बड़े पैमाने पर वृहद आंदोलन करेगी ।

- मृतक को लगी थी एक करोड़ की लॉटरी
- पूर्व बोरो चेयरमैन रह चुका है

## गौरांग मंदिर में आभूषण की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**बराकर ।** बराकर शहर के बेगुनिया स्थित साधु श्री सीताराम बाबा द्वारा प्रतिष्ठित गौरांग मंदिर परिसर स्थित मां अन्नपूणा? देवी के लगभग पांच लाख रुपए के सोना और चांदी के जेवरात चोरी हो गए । जिसकी जानकारी बुधवार को मंदिर के मुख्य पूजारी स्वामी हरेकृष्ण महाराज ने दी। चोरी की इस घटना से शहर में हलचल मच गया हैं । मालूम हो कि गौरांग मंदिर शिल्पांचल का प्रतिष्ठित मंदिर हैं । जहां विभिन्न देवी देवताओ का मंदिर स्थापित हैं । प्रतिदिन बहार से आने वाले श्रद्धालुओ के लिए लगभग तीन सौ लोगों का भंडारा यहां चलता हैं और वर्ष भर यहां विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है । इस संबंध में गौरांग मंदिर के मुख्य पूजारी हरेकृष्ण महाराज ने बताया हैं कि सोमवार को मंगला आरती के दौरान देखा गया कि मां अन्नपूर्णा देवी जो सोना का आभूषण पहने हुए थी । सभी आभूषण गायब हैं । उन्होंने बताया कि मां के तीन सोना के नाक के नथ, सोना का मांग टीका, हाथ का बाला और मां का हाथ में लटका हुआ चांदी का बाक्स गायब हैं । बाबा ने दुख प्रगट करते हुए बताया कि चोरों ने मां की प्रतिमा से सोना का नथ निकालते समय मां के प्रतिमा के नाक क्षति पहुंचाया है । जिस कारण यह मूर्ति अब खंडित हो गई । जिसका हम सभी को बहुत बड़ा आघात पहुंचा हैं। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को दी गई । बाबा ने बताया कि जांच में मालूम चला कि मंदिर के पीछे स्थित एक तालाब है । पिछवाड़े के रास्ते से खिड़की तोड़कर चोर घुसा हैं और इस घटना की अंजाम दिया । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

## रानीगंज के ढाबा से सात जुआरी गिरफ्तार

**रानीगंज ।** जुए के बोर्ड से 10 लाख रुपए सहित 7 जुआड़िओं को गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में बताया जाता है कि पुलिस द्वारा अचानक अभियान चलाकर इन्हें गिरफ्तार किया गया । यह घटना बीटी देर रात रानीगंज थाना इलाके के बांसड़ा इलाके के एक ढाबा में यह घटना घटी । बीते रात रानीगंज थाने के पीसी पार्टी से खबर पाकर रानीगंज थाना प्रभारी विकास दत्त के नेतृत्व में पुलिस में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को साथ लेकर यह अभियान चलाया । जिसमें पुलिस को यह सफलता मिली । पुलिस ने यहां से 10 लाख 3 हजार एक सौ हुए के बोर्ड से बरामद किए । इसके अलावा पुलिस द्वारा 10 सेट प्लेइंग कार्ड और आठ मोबाइल फोन बरामद किए गए । इस अभियान के दौरान पुलिस ने दुर्गापुर के रियल टाउनशिप के रहने वाले बाबिन मंगलपुर निवासी सुरजीत साना एनएसबी रोड के रहने वाले वीरेंद्र कुमार बजाज उर्फ वीरेंद्र जमुरिया बाजार इलाके के निवासी काली प्रसाद जायसवाल रानीगंज इलाके के रहने वाले सुपर सिंह उर्फ पाली और दुर्गापुर एबीएल टाउनशिप के निवासी गोवर्धन रेड्डी को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया बुधवार को इन सभी को आसनसोल अदालत में पेश किया गया ।

## भाजपा पार्षद ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास

**कुल्टी ।** कुल्टी के वार्ड नंबर 17 के भाजपा पार्षद ललन मेहरा ने बुधवार को सात लाख, तीस हजार रूपये की लागत से बनने वाली पक्की सड़क का शिलान्यास किया। इस संबंध में पार्षद ललन मेहरा ने बताया है कि आसनसोल नगर निगम के मेयर विधान उपाध्याय के सहयोग से सुपर गेस्टहाउस से नया बस्ती के काली मंदिर तक कच्ची सड़क का पक्कीकरण किया जाएगा । उन्होंने बताया है कि लगभग एक सौ साल से यह सड़क मिट्टी की थी । जिस कारण वर्षा के दिनों में आने जाने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था । किसी की तबियत बिगडने तथा गर्भवती महिलाओं को भी



अस्पताल ले जाने में काफी दिक्कत होती थी । लेकिन सड़क बन जाने के बाद लोगों को काफी सुविधा हो जायेगी । लगभग एक सप्ताह में सड़क बनकर तैयार हो जायेगी । इससे स्थानीय लोगो में काफी खुशी का माहौल है । इस अवसर पर भाजपा समर्थक पींटू दास, अर्जुन दास, दशरथ यादव, मुकेश यादव, आदर्श चतुर्वेदी, संतोषी देवी, सबरती देवी काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## एसआईआर को लेकर जिला शासक की सर्वदलीय बैठक

**आसनसोल ।** राष्ट्रीय चुनाव आयोग द्वारा बंगाल में एस आई आर लागू कर दिया गया है । इसे लेकर बुधवार को पश्चिम बर्धमान जिला शासक एस पोन्नबलम के नेतृत्व में जिला शासक कार्यालय में एक सर्वदलीय बैठक की गई ।इस बैठक में टीएमसी भाजपा कांग्रेस के अलावा सभी पार्टियों के नेता उपस्थित थे । यहां पर जिला शासक ने एस आई आर को लेकर कुछ अहम जानकारी पार्टी के प्रतिनिधियों को दी । उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है । इसे लेकर पश्चिम बर्धमान जिले में भी काम शुरू हो चुका है । जिला शासक का कहना



था कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ लोगों के घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म मतदाताओं को देंगे मतदाताओं को उसे भरना होगा । इसके बाद एक ड्राफ्ट लिस्ट जारी किया जाएगा । 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक ड्राफ्ट लिस्ट को लेकर शिकायत या आवेदन लिया जाएगा । वही 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक हियरिंग और वेरिफिकेशन का दौर भी चलता रहेगा और आखिर का 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी । उन्होंने कहा कि जल्दी ही ईआरओ एईआरओ को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी । उन्होंने कहा कि 2002 में जिनके नाम मतदाता सूची में थे । उनके साथ मेपिंग की जाएगी । अगर आज के किसी मतदाता का नाम 2002 के मतदाता सूची में नहीं था तो उनके अभिभावकों या खून के रिश्ते में किसी का नाम के साथ मैच किया जाएगा । उन्होंने कहा की मैपिंग की प्रक्रिया लगातार चलेंगी । ताकि एक स्वच्छ और पारदर्शी मतदाता सूची बनाई जा सके । वही इस बारे में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बात की तो उन्होंने कहा कि सभी चाहते हैं कि एक स्वच्छ और पारदर्शी मतदाता सूची बनाई जाए । इस दिशा में जो समस्याएं हैं उन पर आज विचार विमर्श किया गया और उन्हें जिला शासक के सामने रखा गया ।

## पिंजरापोल सोसाइटी ने मनाया स्थापना दिवस व गोपाष्टमी महोत्सव



**बराकर ।** कल्याणेश्वरी रोड स्थित बराकर पिंजरापोल सोसाइटी गौ-धाम में बुधवार को अपनी चार दशक पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गोपाष्टमी के पावन अवसर पर चौकबाजार के मारवाड़ी पंचायती ठाकुर बाड़ी से बैड बाजा के साथ शोभायात्रा निकाली गई । शोभायात्रा के पूर्व गौ-धाम में मुख्य यजमान बजरंग लाल अग्रवाल, निमित अग्रवाल, रमेश दिवान, उमंग डोकानिया,और लोसालका परिवार ने संयुक्त रुप से गोमाता की पूजा की । स्थापना दिवस को लेकर गोपाष्टमी महोत्सव बड़े धार्मिक उत्साह और भक्ति भावना के साथ मनाने जा रही है । इस अवसर शोभायात्रा बराकर पंचायती ठाकुरबाडी मंदिर से प्रारंभ होकर बराकर स्टेशन रोड, बेगुनिया बाजार होते हुए गौ-धाम (नदी तट) तक पहुंची । शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गौभक्त एवं समाजसेवी सम्मिलित हुए । संध्याकाल धार्मिक प्रवचन का आयोजन किया जाएगा । जिसमें वृन्दावन श्रीगोकुलेश कुञ्ज पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित श्रीमज्जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनन्ताचार्य जी महाराज अपने आशीर्वचन एवं दिव्य प्रवचन से उपस्थित श्रद्धालुओं को लाभान्वित करेंगे । इस अवसर पर बराकर पिंजरापोल सोसाइटी के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल एवं सचिव अर्जुन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य गौ-सेवा, धर्म और सामाजिक एकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है । जहा सरंक्षक कमेटी के कैलाश मंसारामका, श्रीनारायण सुहासरिया, पप्पू चौधरी, महेश सराफ, और गौशाला कमिटी के नरेश गुप्ता, रामरत्न सिंघानिया, सुभाष केडिया, विजय जैन, रमेश मंसारामका, छेदीलाल अग्रवाल, समेत कई लोग उपस्थित थे ।

### गोपाष्टमी पर गोशाला से निकाली गई शोभायात्रा

**रानीगंज ।** गोपाष्टमी के अवसर पर हावड़ा पिंजरापोल सोसाइटी के रानीगंज शाखा की तरफ से रानीगंज के गौशाला से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई । रानीगंज के एन एस रोड इलाके में स्थित गौशाला से यह शोभा यात्रा निकाली गई । शोभायात्रा गौशाला से निकलकर बस स्टैंड तिलक रोड थाना मोड पीएन मालिया रोड होते हुए स्कूल मोड होते हुए वापस गौशाला पंहुची । इस मौके पर रानीगंज गौशाला के एक सदस्य ललित खेतान ने कहा कि यहां पर विभिन्न झांकियां भी थीं । शाम को मेले का भी आयोजन किया गया है। शाम को रेनबो डांस ग्रुप द्वारा एक नृत्य नाटिका का प्रस्तुत की जाएगी । भगवान श्री कृष्ण जब पहली बार गोवंश का विचरण करने




गए थे । उसको विषय बनाते हुए नाटक प्रस्तुत किया जाएगा एक और नाटक प्रस्तुत की जाएगी । जिसमें यह दिखाया जाएगा कि किस तरह से भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया था । शोभा यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा की शोभायात्रा में इस्कॉन के तीन ग्रुप की झांकी रहेगी । श्याम बाल मंडल शक्ति धाम चैरिटेबल ट्रस्ट की झांकीयां भी रहेगी । रानी सती दादी की भी झांकी रहेगी । रानीगंज में हावड़ा पिंजरापोल सोसाइटी के रानीगंज शाखा पिछले 74 वर्षों से आयोजन करती आ रही है। उन्होंने कहा कि यहां पर नगर कीर्तन का भी आयोजन किया गया । जिसमें इस्कॉन से आए संतों ने संकीर्तन किया इस दौरान देखा गया कि भक्तों ने शोभायात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा की ।

**गोपाष्टमी पर निकाली गयी शोभायात्रा**

**पुरुलिया ।** गोपा अष्टमी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय मेले से पहले बुधवार सुबह पुरुलिया गौशाला से रंगारंग शोभायात्रा निकाली गई । यह यात्रा क्षेत्र में परिक्रमा कर वापस लौटी । जानकारी के अनुसार इस शोभायात्रा में गोशाला प्रबंधन समिति के सदस्यों समेत कई लोग शामिल हुए। गोशाला में दो दिवसीय मेला आज से शुरू हो रहा है। आयोजकों ने बताया कि इस मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है । हर साल वे मेले के अवसर पर एक रंगीन जुलूस निकालते हैं । आज भी कई लोगों ने उस रंगीन जुलूस में भाग लिया ।

## मेयर ने किया योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

**सालानपुर ।** सालानपुर प्रखंड के रूपनारायणपुर पंचायत अंतर्गत महावीर कॉलोनी में बुधवार को आसनसोल नगर निगम के मेयर सह बाराबनी विधायक बिधान उपाध्याय की मौजूदगी में÷पाड़ाये समाधान÷ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया । कार्यक्रम दो बूथों पर आयोजित हुआ । जिसमें क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं का सुन कर समाधान का प्रस्तव को रखा गया । इस मौके पर सालानपुर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के उपाध्यक्ष भोला सिंह, सालानपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष कैलाश पति मंडल और उपाध्यक्ष बिद्युत मिश्रा समेत कई अन्य मौजूद थे । कार्यक्रम के दौरान, विधायक बिधान उपाध्याय ने रूपनारायणपुर पंचायत के अंतर्गत



विभिन्न स्थानों पर कई शेडों और हाई मास्ट लाइटों का भी उद्घाटन एवं शिल्यानस किया । जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पीठाकेयारी क्षेत्र में जगद्धात्री पूजा मंडप में माँ का आशीर्वाद लिया एवं गरीब लोगों के बीच कंबल वितरित किए । जो ठंड के मौसम में उन्हें राहत प्रदान करेगा । मेयर बिधान उपाध्याय ने ज़ोर देकर कहा कि राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देशानुसार क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी हैं । रूपनारायणपुर पंचायत के सभी क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हों इसके लिए प्रयास किया जा रहा है ।

## अनिल कुमार गुप्ता ने सम्भाला चिरेका के नए महाप्रबंधक का अतिरिक्त पदभार

**चित्तरंजन ।** अनिल कुमार गुप्ता,भारतीय रेल के बेला स्थित रेल पहिया कारखाना ( आरडब्लूपी) के प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने बुधवार को चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) के नए महाप्रबंधक के रूप में अतिरिक्त पदभार ग्रहण किया है । अनिल कुमार गुप्ता, भारतीय रेलवे यांत्रिक इंजीनियरिंग सेवा 1988 बैच के अधिकारी हैं । अपने करियर के दौरान उन्होंने भारतीय रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर



सेवा प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया है । अनिल कुमार गुप्ता इससे पूर्व, उत्तर पश्चिम रेलवे में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (स्ठत्ररू) के पद पर भी अपनी सेवा प्रदान कर चुके है । बुधवार को नए महाप्रबंधक ने सर्वप्रथम महाप्रबंधक प्रशासनिक भवन कार्यालय पहुंचकर देश बंधु चित्तरंजन दास के मूर्ति पर सम्मानपूर्वक पुष्पांजलि अर्पित किया । इस मौके पर विभागों के प्रधान मुख्य अध्यक्ष,विभागाध्यक्ष और कर्मचारी गण उपस्थित थे । इसके बाद अधिकारियों के साथ बैठक कर चिरेका के विकास और विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

## मैथन डैम परियोजना में 'सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी' पर संगोष्ठी

**मैथन ।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अनुपालन के क्रम में मैथन डैम परियोजना में %सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी% विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक (सिविल) व परियोजना प्रधान सुमन प्रसाद सिंह ने किया । इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में सतर्कता संबंधित विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा की कार्मिकों की सत्य निष्ठा अपने संगठन के प्रति अनिवार्य है । संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में एस. एन. रॉय, पूर्व क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी (पूर्वी क्षेत्र), दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार ने व्याख्यान प्रस्तुत किया । अपने संबोधन में रॉय ने सतर्कता के महत्व



पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भ्रष्टाचार-मुक्त समाज की स्थापना के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है । उन्होंने कार्यस्थल पर ईमानदारी, पारदर्शिता एवं नैतिक मूल्यों के पालन को संगठन की प्रगति का आधार बताया । इस संगोष्ठी में वरिष्ठ महाप्रबंधक जयंत दत्त, ए .के. झा, महाप्रबंधक शैलेश गुप्ता, धर्मदास त्रिपाठी सहित सभी विभाग अध्यक्ष व अनुभाग प्रधान उपस्थित रहे पूरे कार्यक्रम का संचालन सतर्कता अधिकारी अनुपम मजूमदार ने किया ।

## सेवानिवृत्त कर्मियों की चिकित्सा सेवार्थ का ईसीएल अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**सांकतोड़िया ।** विशेष अभियान 5.0 के तहत ईसीएल मुख्यालय में स्थित नए सेवानिवृत्त पश्चात् चिकित्सा लाभ प्रकोष्ठ %सेवार्थ% का ईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक तथा कार्यकारी निर्देशक गण द्वारा निरीक्षण किया गया । इस दौरान विशेष अभियान 5.0 के तहत, बुधवार को ईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सतीश झा ने ईसीएल मुख्यालय स्थित नव-निर्मित सेवानिवृत्त पश्चात् चिकित्सा लाभ प्रकोष्ठ (पीआरएमबी) ÷सेवार्थ÷ का आधिकारिक निरीक्षण दौरा किया । इस अवसर पर उनके साथ ईसीएल के कार्यकारी निदेशकगण नीलाद्रि रॉय, निदेशक (तकनीकी / संचालन), अंजर आलम, निदेशक (वित्त), गुंजन कुमार सिन्हा, निदेशक (मानव संसाधन) तथा गिरीश गोपीनाथन नायर, निदेशक (तकनीकी /



परियोजना एवं योजना) उपस्थित रहे। वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत सुजाता दासगुप्ता, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन / पीआरएमबी), पीआरएमबी प्रकोष्ठ, ईसीएल द्वारा किया गया । निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं निदेशकों ने नवनिर्मित प्रकोष्ठ की सुविधाओं, अधोसंरचना तथा कार्य व्यवस्था का अवलोकन किया। पूर्व में पीआरएमबी प्रकोष्ठ मुख्यालय भवन के चौथे तल पर स्थित था । जहाँ से कोल इंडिया लिमिटेड की सीपीआरएमएसई एवं सीपीआरएम-एसएनई योजनाओं के अंतर्गत 21,000 से अधिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं लाभार्थियों को सेवाएँ प्रदान की जाती थीं । वरिष्ठ नागरिक लाभार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, यह नया प्रकोष्ठ ÷सेवार्थ÷ अब मुख्यालय भवन के भूतल पर स्थापित किया गया है । जिससे उन्हें अधिक सुगमता एवं बेहतर सुविधाएँ प्राप्त होंगी । नव-निर्मित कार्यालय परिसर में तीन कक्ष, चार शौचालय एवं लाभार्थियों के लिए एक प्रतीक्षा कक्ष उपलब्ध कराया गया है । यह प्रकोष्ठ एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से सेवानिवृत्त चिकित्सा कार्ड निर्गमन एवं चिकित्सा बिल प्रसंस्करण की प्रक्रिया को बिल ट्रैकिंग पोर्टल से एकीकृत करते हुए अधिक कुशल और व्यवस्थित सेवा प्रदान करने हेतु तैयार किया गया है। यह नवीन अधोसंरचना कर्मचारियों, हितधारकों एवं संबंधित विभागों के बीच समन्वय को और सुदृढ़ करते हुए सेवा वितरण की दक्षता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी । इसके अतिरिक्त, ईसीएल ने सीपीआरएमएस-एनई योजना के अंतर्गत पंजीकृत सेवानिवृत्त गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए एक डिजिटल मेडिकल बिल ट्रैकिंग पोर्टल भी प्रारंभ किया है । यह उपयोगकर्ता-अनुकूल ऑनलाइन मंच लाभार्थियों को उनके चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे की वास्तविक स्थिति का अवलोकन करने की सुविधा प्रदान करता है तथा प्रत्येक चरण पर एसएमएस एवं ईमेल के माध्यम से सूचना उपलब्ध कराता है ।

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह 30 अक्टूबर को लखीसराय पहुंचेंगे: एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में करेंगे सभा

**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय के जिलाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह ने सभी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की है। उन्होंने अमित शाह के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और सुरक्षा टीमों को तैनात करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 30 अक्टूबर को लखीसराय पहुंचेंगे। वे आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जनसभा सुबह 10 बजे केआरके मैदान में आयोजित की जाएगी।एनडीए गठबंधन ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। शाह की यह जनसभा इसी रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बनाना है। केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन और एनडीए कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मंच निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों की लगातार बैठकें हो रही हैं।

### प्रशांत किशोर ने कदवा में जन सुराज के लिए मांगे वोट

**कटिहार, एजेंसी।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने सोमवार को कटिहार के कदवा विधानसभा क्षेत्र के चांदपुर चौक में रोड शो किया। उन्होंने जन सुराज प्रत्याशी मोहम्मद शहरयार के पक्ष में लोगों से स्कूल की बस्ता छाप पर मतदान करने की अपील की। प्रशांत किशोर के चांदपुर पहुंचने से पहले ही सैकड़ों समर्थक मोटरसाइकिल पर जन सुराज के झंडे लेकर जय जय बिहार के नारे लगा रहे थे। उनके स्वागत के लिए एक जेसीबी लाई गई थी, जो गेंदे के फूलों से भरी थी। प्रशांत किशोर के पहुंचने पर समर्थकों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया और जेसीबी से फूलों की वर्षा की। प्रशांत किशोर ने मतदाताओं से कहा कि, यदि वे अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना चाहते हैं और छठ पूजा के बाद उन्हें प्रदेश से बाहर काम करने के लिए नहीं भेजना चाहते, तो स्कूल का बस्ता छाप पर ही वोट करें। कदवा विधानसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला एनडीए के जदयू प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी और कांग्रेस के डॉ. शकील अहमद खान के बीच माना जा रहा है। जन सुराज भी इस मुकाबले में एक प्रमुख दावेदार के रूप में उभरा है।

### डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने लखीसराय में किया जनसंवाद

**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय जिले में 6 नवंबर को होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बड़हिया पहुंचकर जनसंवाद किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने एनडीए सरकार को मजबूत करने और बिहार के विकास में एनडीए की भूमिका पर जोर दिया। सिन्हा ने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार का विकास हुआ है। उन्होंने पूर्व की राबड़ी और लालू सरकार के 20 साल के कार्यकाल से तुलना करते हुए बताया कि उस समय अपराध का ग्राफ बढ़ा था, जबकि एनडीए सरकार में अपराध खत्म हुआ है। उन्होंने दावा किया कि अब लोग रात में भी सुरक्षित घर पहुंच जाते हैं, जबकि पहले लूटपाट की घटनाएं आम थीं। उपमुख्यमंत्री ने लखीसराय में सड़कों के निर्माण, शिक्षा में सुधार और लोगों के भयमुक्त होने का भी जिक्र किया। उन्होंने इन उपलब्धियों को देखते हुए लोगों से एनडीए सरकार को मजबूत बनाने के लिए मतदान करने का आग्रह किया।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण भी मौजूद थे।

### बांका में पेड़ से टकराई बाइक, चालक की मौत, साढु-साली घायल

**बांका, एजेंसी।** बांका के अमरपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसके साढु और साली गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान भागलपुर जिले के सजौर थाना क्षेत्र के चकनारायणपुर गांव निवासी 40 वर्षीय हीरालाल दास के रूप में हुई है। वे सभी एक ही बाइक पर सवार थे।हीरालाल दास अपने साढु टिंकू दास और साली खुशबू देवी के साथ शंभूगंज के बेलारी गांव स्थित रिश्तेदार के घर छठ का प्रसाद लेकर जा रहे थे। अमरपुर–भरको–काशपुर संपर्क पथ पर गोरगम्मा मोड़ के पास अचानक बाइक बेकाबू होकर सड़क हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए और लगभग आधे घंटे तक सड़क किनारे पड़े रहे। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को ऑटो से अमरपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सक डॉ. दिवाकर सिंह ने हीरालाल दास को मृत घोषित कर दिया। टिंकू दास और खुशबू देवी का प्राथमिक उपचार किया गया।घटना की सूचना मिलते ही अमरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए बांका सदर अस्पताल भेज दिया।

# वोट चाहिए, सत्ता में हिस्सा नहीं, पश्चिमी चंपारण की 9 विधानसभा में सिर्फ एक महिला प्रत्याशी

**बेतिया, एजेंसी।** चुनाव में महिला मतदाताओं का समर्थन तो हर राजनीतिक दल को चाहिए, लेकिन जब सत्ता में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात आती है तो कन्नी काट जाते हैं।

यूं कहें तो इक्का-दुक्का महिला प्रत्याशी बनाते हैं। जिले की नौ विधानसभा सीटों पर भाजपा की एकमात्र महिला उम्मीदवार बेतिया से रेणु देवी हैं। महागठबंधन और जनसुराज की ओर से एक भी महिला प्रत्याशी नहीं उतारा गया है। उत्तर बिहार के अन्य जिलों में भी स्थिति ऐसी ही है।



2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बेतिया से रेणु देवी, नरकटियागंज से रश्मि वर्मा और रामनगर से भागीरथी देवी को उतारा था। तीनों चुनावी जीती थीं। इस बार रश्मि वर्मा और भागीरथी देवी का टिकट कट गया। भाजपा ने यहां से महिला की जगह पुरुष उम्मीदवार को मौका दिया है। जबकि दोनों सीटों से भाजपा की महिला कार्यकर्ता उम्मीदवार की कतार में थीं। एनडीए गठबंधन की ओर से जदयू यहां से दो सीटों वाल्मीकिनगर और सिकटा से चुनाव लड़ रही है। उसने भी महिला उम्मीदवार नहीं दिया है।

आजादी के बाद जिले में कांग्रेस का लंबे समय तक दबदबा रहा। 1952 में बेतिया से कांग्रेस की केतकी देवी विधायक चुनी गई थीं। फिर 1957 में केतकी देवी को कांग्रेस ने मौका दिया। वे चनटिया विधानसभा से विधायक चुनी गईं। उसके बाद 1980 में कांग्रेस ने नौतन सीट से पूर्व मुख्यमंत्री केदार पांडेय की पत्नी कमला पांडेय का उतारा। वे लगातार 10 वर्षों तक नौतन का विधायक रहीं। उसके बाद कांग्रेस जिले में महिलाओं की सत्ता में भागीदारी पूरी तरह से भूल गई।

सिर्फ नौतन से वर्ष 2010 में जदयू ने महिला उम्मीदवार उतारा था। मनोरमा प्रसाद विधायक चुनी गई थीं। 2015 के चुनाव में जदयू ने मनोरमा प्रसाद का टिकट काट दिया था। इससे आहत हो वे निर्दलीय चुनाव भी लड़ी थीं। उसके बाद जदयू ने कभी महिला उम्मीदवार को नहीं उतारा।

महिलाओं के लिए कई चुनावी वादे करने वाली प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी ने भी जिले में महिलाओं को सत्ता में भागीदारी देने से परहेज किया है, जबकि आधा दर्जन से अधिक महिलाओं ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से टिकट के लिए आवेदन दिया था। नई पार्टी के रूप में जनसुराज को महिलाओं का विश्वास जीतने का अच्छा मौका था, लेकिन यहां भी पुरुष सत्ता का प्रभाव दिखा।

जिले की धनहा (अब वाल्मीकिनगर), लौरिया, सिकटा और बगहा विधानसभा सीट से कभी महिलाओं को मौका नहीं मिला। जबकि शिकारपुर (अब नरकटियागंज) से पहली बार 2000 में भाजपा की भागीरथी देवी विधायक चुनी गई थीं।

फिर इस सीट से 2014 और 2020 में भाजपा की रश्मि वर्मा विधायक बनीं। रामनगर (सुरक्षित) क्षेत्र होने के बाद भाजपा की भागीरथी देवी 2010 में विधायक चुनी गई थीं और लगातार अब तक विधायक थीं।

उत्तर बिहार के अन्य जिलों में दोनों गठबंधन की बात करें तो सीतामढ़ी के परिहार भाजपा व राजद ने महिला उम्मीदवार दिया है। पूर्वी चंपारण की केसरिया सीट से जदयू व मधुबन से राजद ने महिला प्रत्याशी दिया है।

शिवहर से जदयू ने महिला को मैदान में उतारा है। मुजफ्फरपुर की औराई सीट से भाजपा, बोचहां से लोजपा (आर) व गायघाट से जदयू ने महिला को टिकट दिया है। दरभंगा की अलीनगर सीट से भाजपा ने महिला को टिकट दिया है।

## नवंबर-दिसंबर में लग्न ही लग्न, चेक करें नवंबर और दिसंबर में विवाह की शुभ तिथि

**भागलपुर, एजेंसी।** शादी-विवाह के मौसम से बाजार की रौनक धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। नवंबर-दिसंबर के शुभ लग्नों को देखते हुए शहर के बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। खासकर इलेक्ट्रॉनिक, सोना-चांदी, कपड़ा और उपहार के बाजारों में खरीदारी का सिलसिला अब शुरू हो गया है। कारोबारी भी इस बार के लग्न सीजन को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनका अनुमान है कि इस बार पिछले साल की तुलना में 25 से 30 प्रतिशत तक अधिक बिक्री हो सकती है। तिलकामांझी स्थित इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी नीरज झा ने बताया कि शादी-ब्याह के कारण ग्राहकों द्वारा सामानों की पूछताछ शुरू हो गई है। टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, इन्वर्टर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की मांग में तेजी आएगी।

वहीं, एक दोपहिया वाहन शोरूम के महाप्रबंधक कन्हैया लाल ने बताया कि नवंबर-दिसंबर में शादी-विवाह के कारण मोटरसाइकिल की अच्छी बिक्री होगी। ग्राहक अभी से मोटरसाइकिल की बुकिंग करना शुरू कर चुके हैं। शादी के सीजन को देखते हुए सोना-चांदी की दुकानों पर भी रौनक लौट रही है। ग्राहकों द्वारा अग्रिम बुकिंग शुरू कर दी गई है।

ज्वेलरी कारोबारी दीपक सोनी ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद बिक्री में बढ़ोतरी के आसार हैं। महिलाओं के बीच हल्के वजन और आधुनिक डिजाइन वाले गहनों की मांग अधिक है।

कपड़ा बाजार में नई वेराइटी और शादी के परिधानों की खरीदारी जोरों पर है। कपड़ा व्यवसायी कृष्णा गोयल ने बताया कि नवंबर-दिसंबर के लग्नों में विशेष रूप से बनारसी साड़ी, लहंगा और सूट की मांग बढ़ी है। वहीं उपहार दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ बढ़ने की संभावना है।

विवाह भवन संचालक शंकर पटेल ने बताया कि नवंबर-दिसंबर के दौरान उनके यहां आठ शादियों की बुकिंग हो चुकी है। शहर के अधिकांश होटल व विवाह भवनों में भी शादियों की बुकिंग पूरी हो चुकी है। पंडित सौरभ कुमार मिश्रा ने बताया कि बनारसी एवं मिथिला पंचांग के अनुसार नवंबर में 18, 19, 20, 21, 22, 23, 25, 26, 27, 29 और 30 को मुहूर्त, जबकि दिसंबर में 1, 4 और 5 को शादी-विवाह के लिए शुभ तिथि है।

# यूपी में 46 आईएएस अफसरों के तबादले

## कौशांबी-श्रावस्ती-रामपुर-बस्ती-बलरामपुर समेत 10 जिलों के डीएम बदले

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के मकसद से मंगलवार को 46 आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया। कई प्रमुख पदों पर बदलाव किया गया है। इनमें मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी जैसे पद शामिल हैं। राजेश कुमार को मिर्जापुर का कमिश्नर बनाया गया है। जबकि प्रखर सिंह को बनारस का सीडीओ बनाया गया है।

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन व्यवस्था में बदलाव के लिए 10 जिलों की जिला अधिकारियों को बदल दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के बाद कार्मिक और नियुक्ति विभाग ने मंगलवार की शाम यह बदलाव किया है। कौशांबी, श्रावस्ती-रामपुर, बस्ती और बलरामपुर के ष्ठरूभी बदल दिए गए हैं। सूची के अनुसार राजेश कुमार को मिर्जापुर का नया मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है। वे पूर्व में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी नियुक्ति से मिर्जापुर मंडल में विकास परियोजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है।

वहीं, मौजूदा मिर्जापुर कमिश्नर आईएएस बालकृष्ण त्रिपाठी का तबादला कर उन्हें सचिवालय सामान्य प्रशासन विभाग का सचिव बनाया गया है। उनकी जगह राजेश कुमार की नियुक्ति की गई है। जिलाधिकारियों के स्तर पर भी बड़े बदलाव हुए हैं। इसके अलावा प्रखर सिंह को वाराणसी का मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बनाया गया है। वाराणसी जैसे धार्मिक और पर्यटन महत्व के शहर में उनकी नियुक्ति से स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और गंगा सफाई जैसे कार्यों में तेजी आएगी।



धनलक्ष्मी को डीजी मत्स्य बनाया गया है। आईएएस वन्दिता श्रीवास्तव को सीडीओ कुशीनगर बनाया गया है। आईएएस पूर्ण वोहरा वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम देवराज ने बताया कि यह तबादला सूची राज्य सरकार की नियमित समीक्षा का हिस्सा है, जिसमें अधिकारियों की कार्यक्षमता, अनुभव और जरूरतों को ध्यान में रखा जाता है। कुल 46 अधिकारियों का तबादला किया गया है।

डॉ। रूपेश कुमार बने सहारनपुर के कमिश्नर = सार्वजनिक उद्यम महानिदेशक संजय कुमार को मौजूदा पद के साथ यूपी मानवाधिकार आयोग का सचिव भी बनाया गया है। डॉ। रूपेश कुमार को मंडलायुक्त सहारनपुर बनाया गया है। इसी कड़ी में अटल कुमार राय को गृह विभाग का सचिव बनाया गया है। भानु चंद्र गोस्वामी को मेरठ का कमिश्नर बनाया गया है।अतुल वत्स होंगे हाथरस के डीएम = अतुल वत्स को हाथरस का जिलाधिकारी बनाया गया है। हिमांशु नागपाल को वाराणसी का नगर आयुक्त बनाया गया है। योगेंद्र कुमार को अलीगढ़ का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। राजा गणपति आर को सीतापुर का डीएम बनाया गया है। कृत्तिका ज्योत्सना को बस्ती का डीएम बनाया गया है।

शिव शरण अप्पा जीएन बने सिद्धार्थनगर के डीएम = शिव शरण अप्पा जीएन को सिद्धार्थनगर का डीएम बनाया गया है। पुलकित गर्ग को चित्रकूट का डीएम बनाया गया है। पूर्ण बोहरा को वाराणसी विकास प्राधिकर का उपाध्यक्ष बनाया गया है। रणविजय सिंह को बिजनौर का सीडीओ बनाया गया है। गुंजन द्विवेदी को फिरोजाबाद का नगर आयुक्त बनाया गया है।

अमित पाल बने कौशांबी के जिलाधिकारी = इसी कड़ी में अमित पाल को कौशांबी का डीएम बनाया गया है। महेंद्र कुमार सिंह को रामपुर का सीडीओ बनाया गया है। विपिन कुमार जैन को बलरामपुर का डीएम बनाया गया है। आकांक्षा राणा को झांसी का नगर आयुक्त बनाया गया है। सत्य प्रकाश को ललितपुर का डीएम बनाया गया है।

श्रावस्ती और रामपुर के डीएम भी बदले = अश्विनी कुमार को श्रावस्ती का डीएम बनाया गया है।

अजय कुमार द्विवेदी को रामपुर का डीएम बनाया गया है।

## रिसर्च स्कॉलर शारीरिक शोषण मामला; आरोपी प्रोफेसर गौतम जैसवार निलंबित, कुलपति ने जारी किया आदेश

**आगरा, एजेंसी।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की शोध छात्रा (रिसर्च स्कॉलर) से रेप मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने आरोपी प्रोफेसर पर कड़ा एक्शन लिया है। पुलिस में मामला दर्ज होने के बाद आरोपी केमिस्ट्री के प्रोफेसर गौतम जैसवार को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में पहले ही डॉ। भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी ने प्रकरण की जांच के लिए आंतरिक शिकायत समिति गठित की है।

बता दें, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर के बेसिक साइंस विभाग में केमिस्ट्री प्रोफेसर प्रो। गौतम जैसवार पर रिसर्च स्कॉलर (छात्रा) ने गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा का आरोप है कि पीएचडी के को-सुपरवाइजर प्रो। गौतम जैसवार शादीशुदा हैं।



इसके बावजूद मुझसे झूठ बोल कर शादी का वादा किया। शादी का झांसा देकर दो साल तक मेरा शारीरिक शोषण किया है। आगरा के अलावा मध्य प्रदेश के खजुराहो स्थित एक होटल में तीन दिन तक रखकर दुष्कर्म किया। हाल में ही मुझे मथुरा ले गए, जहां एक होटल में रख कर वहां भी शारीरिक शोषण किया।

पीड़िता ने पुलिस को दिए ये सबूत = रिसर्च स्कॉलर का आरोप है कि बीते दो साल से प्रोफेसर गौतम जैसवार हर रविवार मुझे खंदारी परिसर स्थित ऑफिस में दोपहर 2 से 6 बजे तक बुलाते थे। 25 अक्टूबर को प्रोफेसर ने ऑफिस में बुलाया और मेरे साथ मारपीट की। धमकी दी कि अगर मुंह खोला तो पीएचडी रोक दी जाएगी। अपनी हरकत के सबूत मिटाने के लिए मेरा मोबाइल तोड़ने की कोशिश की।**रिसर्च स्कॉलर ने मेडिकल पर उठाए सवाल :** रिसर्च स्कॉलर ने पुलिस को बताया कि जब मुझे प्रोफेसर की हरकत और बातों पर संदेह हुआ तो उनसे स्पष्ट बात की। जिस पर ही प्रोफेसर गौतम जैसवार धमकी देने लगे।

जिस पर मैंने मैंने अपना गाइड भी बदल लिया। जिस दिन प्रोफेसर ने मुझे बुलाकर मारपीट की। उसी दिन मैंने परिजनों को जानकारी दी। न्यू आगरा पुलिस ने रिसर्च स्कॉलर का सोमवार को लेडी लॉयल हॉस्पिटल में मेडिकल कराया था। जिस पर भी रिसर्च स्कॉलर ने सवाल उठाए हैं। उसका आरोप है कि डॉक्टर ने सही तरह से मेडिकल नहीं किया।

**कमेटी का गठन कर मांगी थी रिपोर्ट :** भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी ने बताया कि रिसर्च स्कॉलर के साथ दुष्कर्म और मारपीट का प्रकरण बेहद गंभीर है।

इस मामले में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा-निर्देश एवं कार्यस्थल पर

## अयोध्या राम मंदिर में पैराशूट के कपड़े से बने 11 किलो के ध्वज को फहराएंगे पीएम मोदी



**अयोध्या, एजेंसी।** राम मंदिर में 25 नवंबर को पैराशूट के कपड़ों से बने 11 किलो के ध्वज को पीएम मोदी फहराएंगे। इस दौरान सेना के जवान भी मौजूद रहेंगे। राम मंदिर ट्रस्ट व सेना के अधिकारियों के साथ समन्वय कर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर के शिखर पर ध्वज लगाया जाना एक बड़ी चुनौती है क्योंकि वह एक ऊंचाई पर जाएगा। शिखर पर आइकोनोग्राफी का कार्य किया गया है। वहीं पताका के साथ जाने वाला 11 फीट का दंड और ध्वज की चौड़ाई 22 फीट है इसलिए सेना शिखर पर ध्वज चढ़ाने का रिहर्सल कर रही है। उन्होंने बताया कि ध्वज को पैराशूट के कपड़ों से तैयार किया जाएगा। पैराशूट बहुत ही मजबूत होता है।

**8000 को मिला निमंत्रण:** नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि 25 नवंबर के लिए जो लोग आमंत्रित किए जाएंगे, सिर्फ उनके लिए ही भगवान के दर्शन की व्यवस्था की जा रही है। इसमें लगभग 8000 लोग आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आयोजन के बाद श्रद्धालु मंदिर परिसर के सभी स्थान के दर्शन कर सकें, इसके लिए ट्रस्ट विचार कर रहा है।

उन्होंने बताया, पूरा प्रयास है कि दिसंबर के अंत तक सभी मंदिर और वाटिकाएं खोल दी जाएं।

कुछ स्थान पर सीमित संख्या में ही श्रद्धालु जा सकेंगे। अब मंदिर के निर्माण का कार्य पूरा होने की

## औरंगाबाद में बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाया। अज्ञात चोरों ने शहर के जीटी रोड स्थित फार्म के समीप से एक बंद घर को निशाना बनाया तथा हजारों रुपए नगदी और लाखों का सामान गायब कर दिया। जिस घर में चोरों के द्वारा चोरी की गई है उस घर का पूरा परिवार देव में छठ पर्व करने गया था। इसके साथ ही चोरों ने किरायदारों के भी फ्लैट में चोरी की घटना को अंजाम दिया। हालांकि चोरी कब हुई इसकी भनक किसी को नहीं लगी। लेकिन जब छठ पर्व संपन्न होने के बाद गृह स्वामी तथा किराएदार मंगलवार की दोपहर अपने घर पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ देखकर उनके होश उड़ गए।

घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। मामले को लेकर जीटी रोड स्थित फॉर्म निवासी सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता के पुत्र शशिकांत गुप्ता ने नगर थाना में आवेदन दिया है। उसने पुलिस को बताया है कि 26 अक्टूबर को वह अपने पूरे परिवार वालों के साथ देव में छठ पर्व करने गया था। छठ पर्व समाप्त होने के बाद 28 अक्टूबर यानी मंगलवार की दोपहर देव से घर लौटा तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है और घर के सारे सामान बिखरे पड़े थे।

कमरे में रखें अलमीरा भी टूटा हुआ है। और उसमें से चांदी एवं सोने के आभूषण गायब हैं। कहा कि अलमीरा में बच्चों के आभूषण और 7 हजार रुपए कैश था यानी कुल मिलाकर चोरों से 60 हजार रुपए की चोरी की गई है।

# सहरसा के कोपड़िया गांव में नशे के खिलाफ जनआंदोलन

**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा के सलखुआ प्रखंड स्थित कोपड़िया गांव के ग्रामीणों ने नशे के खिलाफ एकजुट होकर अभियान शुरू किया है। मंगलवार को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोपड़िया के प्रांगण में हुई एक बैठक में सैकड़ों ग्रामीणों ने गांव को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। तय किया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति गांव में शराब, गांजा, चरस, कोरेक्स या किसी भी अन्य नशीले पदार्थ का व्यापार या सेवन करता पाया जाता है, तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी पंचायत प्रतिनिधि या जनप्रतिनिधि नशे से जुड़े व्यक्तियों का पक्ष नहीं लेगा।

**20 युवाओं की निगरानी टीम गठित:** इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए 20 युवाओं की एक विशेष निगरानी टीम का गठन किया गया है, जिसे ÷नशा मुक्त दस्ता÷ नाम दिया गया है। इस टीम का मुख्य उद्देश्य गांव में नशे से संबंधित हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखना और संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को देना होगा। ÷नशा मुक्त दस्ता÷ के



सदस्यों में शशि भूषण कुमार, रविन कुमार, आशुतोष कुमार, संजय कुमार, राजेश कुमार, श्रीलाल यादव, अजय कुमार, पांडव कुमार, बबलू कुमार, सारजन कुमार, अर्जुन कुमार, अमर कुमार, राजाराम, कपलेश कुमार, अशोक राम, रौशन कुमार, सत्यम कुमार, विकास कुमार, हरि मोहन राम और नीतीश कुमार शामिल हैं। इन सभी युवाओं ने ग्रामीणों के सामने शपथ ली कि वे बिना किसी जातीय, धार्मिक या सामाजिक भेदभाव के, निष्पक्षता और ईमानदारी से गांव को नशे की गिरफ्त से मुक्त कराने की दिशा में कार्य करेंगे।

**गांव में नहीं होगा नशे का कारोबार:** ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि अब गांव में किसी भी प्रकार का नशे का कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नशे के व्यापारी या सप्लायर के रूप में किसी व्यक्ति की पहचान होते ही उसे तुरंत प्रशासन को सौंप दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि नशे ने कई घरों और परिवारों को बर्बाद कर दिया है, जिसके कारण यह कदम उठाया गया है। बैठक में वासुदेव यादव, राजधर यादव, अरुण यादव, शत्रुघ्न यादव, राजाराम राय, हरि नारायण यादव, नारायण यादव, अमर आनंद, राजेश कुमार, आशुतोष कुमार, पिंटू यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि नशा मुक्त अभियान केवल एक मुहिम नहीं, बल्कि समाज सुधार की दिशा में जन आंदोलन बनेगा।

**बच्चों को नशे की बर्बादी से बचाने की अपील :** ग्रामीण राजधर यादव ने कहा÷अब वक्त आ गया है कि हम अपने बच्चों को नशे की बर्बादी से बचाएं। सरकार से पहले हमें खुद जिम्मेदारी निभानी होगी।÷वहीं युवा शशि भूषण कुमार ने कहा÷हमारी टीम हर समय गांव में सक्रिय रहेगी। किसी को भी नशा करने या बेचने की इजाजत नहीं दी जाएगी।ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से भी इस मुहिम में सहयोग की अपेक्षा जताई है। उन्होंने मांग की कि नशा मुक्त दस्ता को कानूनी सहयोग और मार्गदर्शन मिले, ताकि कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की बाधा न आए। कोपड़िया गांव का यह कदम पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। अगर समाज खुद जागरूक हो जाए, तो नशे जैसी बुराई को खत्म करना कठिन नहीं।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में पहली बार नंबर 1 बने रोहित शर्मा

**नई दिल्ली, ।** भारत के सलामी बल्लेबाज़ व पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर पहली बार आईसीसी वनडे बल्लेबाज़ी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज़ में रोहित के बल्ले से शानदार रन निकले, जिससे वे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए।




एडिलेड में खेले गए दूसरे वनडे में 73 रन की पारी खेलने के बाद सिडनी में उन्होंने नाबाद 121 रन की मैच विजेता पारी खेली और प्लेयर ऑफ द सीरीज़ का ख़िताब भी जीता। इस प्रदर्शन से रोहित ने 781 रेटिंग अंक प्राप्त किए, जो अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान (764 अंक) से 17 अधिक हैं।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल (745 अंक) अब तीसरे स्थान पर हैं। रोहित का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दूसरा स्थान था, जो उन्होंने जुलाई 2018 में हासिल किया था।

इस बीच इब्राहिम जादरान अफगानिस्तान के पहले ऐसे बल्लेबाज़ बने, जिन्होंने कुछ समय के लिए वनडे बल्लेबाज़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था – यह तब हुआ जब गिल उनसे नीचे खिसके और रोहित ने अभी शीर्ष पर छलांग नहीं लगाई थी।

भारत के उप-कप्तान श्रेयस अय्यर, जिन्होंने दूसरे मैच में 61 रन बनाए थे, एक स्थान ऊपर बढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

गेंदबाज़ों में भी कई खिलाड़ियों की रैंकिंग में सुधार देखा गया। ऑस्ट्रेलिया के तेज़ गेंदबाज़ जोश हेज़लवुड दो स्थान ऊपर उठकर आठवें स्थान पर आ गए हैं, वहीं एडम ज़म्पा दो स्थान बढ़कर 12वें स्थान पर पहुंचे। भारत के अक्षर पटेल छह स्थान चढ़कर 31वें, जबकि वॉशिंगटन सुंदर 22 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 73वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अन्य परिवर्तनों में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में 135 रन (101 गेंदों) की शानदार पारी खेलकर 23 स्थान की छलांग लगाई और अब वे 25वें स्थान पर हैं।

टेस्ट रैंकिंग में भी बदलाव देखने को मिला। पाकिस्तान के सऊद शकील एक स्थान बढ़कर 12वें, जबकि कप्तान शान मसूद पांच स्थान चढ़कर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

दक्षिण अफ्रीका के टोनी डी ज़ोरज़ी सात स्थान बढ़कर 47वें पर हैं।गेंदबाज़ों में, दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज ने पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी टेस्ट में नौ विकेट लेकर नौ स्थान की छलांग लगाई और अब वे 13वें स्थान पर हैं। साइमन हार्मर ने दूसरी पारी में 6/50 के प्रदर्शन से 26 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 45वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# बारिश में धुला पहला भारत-ऑस्ट्रेलिया टी 20 मैच, रहा बेनतीजा

## केवल 58 गेंदों का खेल हुआ, इंडिया ने एक विकेट पर 97 रन बना लिए थे



**कैनबरा ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही टी-20 सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा है। कैनबरा में बुधवार को बार-बार हो रही बारिश के कारण दो बार खेल रोकना पड़ा है। इस सीरीज का दूसरा मुकाबला 31 अक्टूबर को मेलबर्न पर खेला जाएगा।

आखिरी बार जब खेल रोका गया था, तब तक भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9.4 ओवर में एक विकेट पर 97 रन बना लिए हैं। शुभमन गिल 39 और कप्तान सूर्यकुमार यादव 39 रन पर नाबाद रहे। अभिषेक शर्मा 19 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नाथन एलिस ने टिम डेविस के हाथों कैच कराया।

इससे पहले टीम इंडिया को 3 वनडे की सीरीज में 1-2 की हार झेलनी पड़ी हैं, टीम ने सिडनी वनडे 9 विकेट से जीता था। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने 121 और विराट कोहली ने 74 रनों की नाबाद पारियां खेली थीं। मैच का स्कोरबोर्ड

प्लेइंग-11

भारत- अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह।

ऑस्ट्रेलिया- मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), टिम डेविड, मिचेल ओवेन, जोश फिलिप, मार्कस स्टोयनिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मैथ्यू कुह्नेमन, जोश हेजलवुड।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले तीन टी20 मैचों से बाहर हुए नीतीश रेड्डी

**नई दिल्ली, ।** भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी चोट



के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज के पहले तीन मुकाबलों से बाहर हो गए हैं।

भारतीय क्रिकेटर कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि रेड्डी अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं और उनकी स्थिति पर मेडिकल टीम करीबी नजर रखे हुए है।

दरअसल, नीतीश को एडिलेड में खेले गए दूसरे वनडे के दौरान बाएं जांघ (क्वाड्रिसेप्स) में चोट लगी थी। इसके बाद वह रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे थे, लेकिन हाल ही में उन्हें गर्दन में खिंचाव (नेक स्पैज्म) की शिकायत हुई, जिसने उनकी रिकवरी और मूवमेंट पर असर डाला है। इस वजह से टीम मैनेजमेंट ने उन्हें आराम देने का फैसला लिया है।बीसीसीआई के अनुसार, उनकी फिटनेस पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और उनकी वापसी को लेकर फैसला बाद में किया जाएगा।

रेड्डी ने हाल के महीनों में अपनी ऑलराउंड क्षमताओं से प्रभावित किया है, खासकर आईपीएल और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर। उनकी गैरमौजूदगी में टीम इंडिया को मिडल ऑर्डर और गेंदबाजी दोनों में संतुलन साधने की चुनौती रहेगी। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो वे सीरीज के आखिरी दो टी20 मैचों में वापसी कर सकते हैं।

# पूर्व इंग्लिश तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को नाइटहुड सम्मान

**लंदन, ।** इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज और टीम के सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले खिलाड़ी जेम्स एंडरसन को विंडसर कैसल में मंगलवार को आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान प्रिंसेस ऐनी ने नाइटहुड की उपाधि प्रदान की। 43 वर्षीय एंडरसन को यह उपाधि क्रिकेट के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए दी गई है।



एंडरसन ने जुलाई 2024 में लॉर्ड्स में अपने 21 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहा था। उन्होंने 188 टेस्ट मैचों में 704 विकेट झटके – जो किसी भी तेज गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक हैं। उनसे आगे सिर्फ दो स्पिनर– मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वॉर्न (708) हैं।

टेस्ट के अलावा एंडरसन ने वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में 269 विकेट लिए, जो अब तक इंग्लैंड के लिए एक रिकॉर्ड है, भले ही उन्होंने अपना आखिरी वनडे 2015 में खेला था।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी एंडरसन ने 2024 सीज़न में अपने काउंटी क्लब लंकाशायर के लिए खेलना जारी रखा। उन्होंने लगभग 10 साल बाद टी20 क्रिकेट में वापसी करते हुए अपनी टीम को एजबेस्टन में आयोजित फाइनल्स डे तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

इसके साथ ही उन्हें द हंड्रेड लीग में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स टीम के लिए वाइल्डकार्ड कॉन्ट्रैक्ट भी मिला। बताया जा रहा है कि एंडरसन 2025 सीज़न में भी काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

# नौ साल बाद प्लेऑफ में पहुंचना तेलुगु टाइटंस के लिए ऐतिहासिक पल : कोच कृष्ण कुमार हुड्डा

**नई दिल्ली, ।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीज़न 12 में तेलुगू टाइटंस ने नौ साल का इंतजार खत्म करते हुए प्लेऑफ में जगह बना ली है। मंगलवार को त्यागराज इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टाइटंस ने पटना पाइरेट्स की आठ मैचों की विजयी लय तोड़ते हुए 46-39 से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ टीम ने क्वालिफायर-2 में जगह पक्की की, जहां आज रात उनका मुकाबला सीज़न 10 की चैंपियन पुणेरी पलटन से होगा।टीम की इस अहम जीत पर मुख्य कोच कृष्ण कुमार हुड्डा ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ÷यह हमारे लिए करो या मरो वाला मैच था। मैंने सीज़न की शुरुआत में ही कहा था कि इस बार हम अपने दर्शकों को निराश नहीं करेंगे।

कौन जीतेगा, यह वक्त बताएगा, लेकिन हम अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। कोच हुड्डा ने विजय और भरत की जोड़ी की तुलना मशहूर फिल्म शोले के जय-वीरू से करते हुए कहा, विजय और भरत की जोड़ी टीम के लिए अमूल्य है। विजय की कप्तानी और भरत की रेडिंग ने टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

# पैट कमिंस की नेट्स में वापसी, एशेज में कमबैक की उम्मीदें बढ़ीं

**सिडनी, ।** ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को नेट्स में गेंदबाजी करते हुए देखा गया है, जिससे इस साल की एशेज सीरीज में उनकी वापसी की उम्मीदें बढ़ गई हैं। स्काई न्यूज ऑस्ट्रेलिया की रिपोर्ट के मुताबिक 32 वर्षीय तेज गेंदबाज कमिंस नेट्स में अपनी फिटनेस हासिल करने के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं। कमिंस को कमर में बोन स्ट्रेस इंजरी के कारण पहले एशेज टेस्ट से बाहर कर दिया गया है, जो 21 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की है कि इस मुकाबले में स्टीव स्मिथ टीम की कप्तानी करेंगे।




स्मिथ का बतौर स्टैंड-इन कप्तान रिकॉर्ड अब तक शानदार रहा है। उन्होंने कप्तान रहते हुए पांच मुकाबले जीते हैं और एक ड्रॉ रहा है। पर्थ टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा अगले हफ्ते होने की उम्मीद है। कमिंस की ब्रिसबेन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्धता उनके चार हफ्तों के गेंदबाजी कार्यक्रम के नतीजों पर निर्भर करेगी, जिसमें उनकी फिटनेस की परीक्षा ली जाएगी।

एशेज में इंग्लैंड के खिलाफ कमिंस हमेशा एक बड़ी चुनौती रहे हैं। उन्होंने पिछली चार एशेज सीरीज में कुल 91 विकेट झटके हैं और 2017ङ्क18, 2019 तथा 2021ङ्क22 सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

गौरतलब है कि 2011 में बतौर युवा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करने वाले कमिंस को शुरुआती दौर में लगातार पीठ की चोटों से जूझना पड़ा, जिसके कारण वह पांच साल तक टेस्ट क्रिकेट से दूर रहे। उन्होंने 2017 में शानदार वापसी करते हुए खुद को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शामिल कर लिया।

# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड से दूसरा वनडे 5 विकेट से जीता

## सीरीज में 2–0 की बढ़त बनाई, मिचेल–रचिन रवींद्र के अर्धशतक

हैमिल्टन। न्यूजीलैंड ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को 5 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ कीवी टीम तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है।

बुधवार को हैमिल्टन में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। इंग्लैंड की टीम 36 ओवर में 175 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड ने 176 रन का टारगेट 33.1 में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

डेरिल मिचेल ने नाबाद 56 रन बनाए। रचिन रवींद्र ने 54 रनों की पारी खेली। कप्तान मिचेल सैंटनर ने महज 17 गेंदों में नाबाद 34 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।




इंग्लैंड की खराब शुरुआत पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। उसका पहला विकेट 3 के स्कोर पर गिर गया। ओपनर बेन डकेट ने 5 गेंदों का सामना कर 1 रन बनाया। इंग्लैंड की ओर से केवल 30 रन से ऊपर की पार्टनरशिप एक ही हुई। सातवें विकेट के लिए जेमी ओवरटन और सैम करन के बीच 32 गेंदों पर 38 रन की पार्टनरशिप हुई। ओवरटन ने सबसे ज्यादा 28 गेंदों पर 42 रन बनाए। वहीं कप्तान हैरी ब्रूक ने 34 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली।

ब्लेयर टिकनर ने 4 विकेट लिए न्यूजीलैंड की ओर से ब्लेयर टिकनर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 8 ओवर में 34 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं नाथन स्मिथ ने 5 ओवर में 27 रन देकर 2 विकेट लिए।

1 नवंबर को होगा आखिरी मुकाबला दूसरा मैच 5 विकेट से जीतने के साथ ही न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया।

न्यूजीलैंड ने पहला मुकाबला भी 4 विकेट से अपने नाम किया था। अब सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 1 नवंबर को वेलिंगटन के मैदान पर खेला जाएगा।

# साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को 55 रन से हराया

## टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई;बाबर आजम बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे

**रावलपिंडी।** रावलपिंडी में खेले गए पहले टी-20 मैच में साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को 55 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका ने 9 विकेट के नुकसान पर 194 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 18.1 ओवर में ही 139 रन पर सिमट गई।इसके साथ ही साउथ अफ्रीका रावलपिंडी में पहले बल्लेबाजी करते हुए जीत दर्ज करने वाली पहली विदेशी टीम बन गई। टीम की जीत में रीजा हेंड्रिक्स (60 रन) और कॉर्बिन बॉश (4 विकेट) ने अहम भूमिका निभाई।

साउथ अफ्रीका ने पावर प्ले में 74 रन बनाए टॉस जीतकर पाकिस्तान के कप्तान ने पहले फील्डिंग का फैसला किया। साउथ अफ्रीका की शुरुआत शानदार रही। ओपनर रीजा हेंड्रिक्स और क्विंटन डी कॉक ने पहले विकेट के लिए 44 रन जोड़े। टीम ने 28 गेंदों में ही 50 रन पूरे कर लिए और पावरप्ले में एक विकेट खोकर 74 रन बना लिए।

54 गेंदों में साउथ अफ्रीका ने 100 रन का आंकड़ा छू लिया। रीजा हेंड्रिक्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 33 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 40 गेंदों में 60 रन की पारी खेली। वहीं, टोनी डी ज़ोरजी ने 16 गेंदों पर तेजी से 33 रन बनाए। अंत में जॉर्ज लिंडे ने 22 गेंदों पर 36 रन की तेज पारी खेलते हुए टीम का स्कोर 20 ओवर में 9 विकेट पर 194 रन तक पहुंचा दिया।पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट झटके।

सईम अयूब ने 4 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं अबरार अहमद, नसीम शाह और शाहीन शाह अफरीदी को 1-1 विकेट मिला।

195 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

शाहिबजादा फरहान और सईम अयूब ने पहले विकेट के लिए 31 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही।

कप्तान बाबर आजम केवल 2 गेंद खेलकर बिना खाता खोले आउट हो गए। यह मैच बाबर की लगभग एक साल बाद टी-20 टीम में वापसी का था

टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन सईम अयूब ने बनाए। उन्होंने 28 गेंदों में 37 रन की पारी खेली। मोहम्मद नवाज ने 20 गेंदों पर 36 रन जोड़े, लेकिन बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे और पाकिस्तान की पूरी टीम 18.1 ओवर में 139 रन पर सिमट गई।।

# डियर साप्ताहिक लॉटरी के ₹ 1 करोड़ के विजेता बनी

## पंजाब के मोहाली निवासी रीचा बुदबाल



**द: 24 परगना, 28 अक्टूबर।** रीचा बुदबाल ने 1 करोड़ के विजेता बन गये हैं। इस तरह से रीचा बुदबाल ने भी डियर के करोड़पति की सूची में नाम लिखा लिया है।

05-05-2025 तिथि को ड्रॉ निकाला गया। खेला का नाम है-डियर द्वारका मण्डे साप्ताहिक लॉटरी।

उसी दिन उन्हें पता चला कि उन्होंने जो टिकट खरीदा था। उसे 1 करोड़ का प्रथम पुरस्कार मिला है। लक्की टिकट का नंबर है-50 ई 09646 ।

पहले तो उन्हें विश्वास नहीं हुआ। बाद में उन्हें पता चला कि समाचार सही है। रीचा बुदबाल ने बताया कि डियर साप्ताहिक लॉटरी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है।

प्रत्येक खेला का सीधा प्रसारण होता है, इसीलिए लोग आकर्षित हो रहे हैं।





| RANK | PRIZE AMOUNT FOR WINNERS ₹ | PRIZE AMOUNT FOR SELLERS ₹ | DRAW METHOD |
|---|---|---|---|
| 1 | 1,00,00,000 | 5,00,000 | ON 1 TIME ON 5 DIGITS WITH SERIAL & SERIES |
| Cons | 1,000 | 500 | ALL REMAINING SERIAL & SERIES OF 1st PRIZE No. |
| 2 | 10,000 | 500 | ON 10 TIMES ON 5 DIGITS |
| 3 | 500 | 50 | ON 10 TIMES ON LAST 4 DIGITS |
| 4 | 250 | 20 | ON 10 TIMES ON LAST 4 DIGITS |
| 5 | 120 | 10 | ON 100 TIMES ON LAST 4 DIGITS |

*TDS 2% Applicable on Seller Prize Amount (Section 194G)

Issued by :
The Director, Nagaland State Lotteries, Kohima.
The Principal Director, Sikkim State Lotteries, Gangtok.


स्वत्वाधिकारी एल.एस. पब्लिकेशन्स प्रा.लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक ममता वाजपेयी द्वारा 4, केनाल वेस्ट रोड, कोलकाता-15 से मुद्रित एवं प्रकाशित। प्रेरक संपादकः राजेन्द्र नारायण वाजपेयी। **संपादकः रितेश वाजपेयी।**
Phone : 2236-1572, 4800 9234, E-mail - bharatmitra1@gmail.com, Fax No.- 033-2215-1533, **हवाई शुल्कः** अगरतला 6 रुपये, गुवाहाटी 5 रुपये, पोर्टब्लेयर 8 रुपये। प्रकाशन से उत्पन्न सभी विवाद कलकत्ता उच्च न्यायालय के अधीन